ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

# दैनिक युरेशिया

वर्षः 3 अंक : 172

मेरठ, मंगलवार, 23 अप्रैल 2024

(पृष्ठः 6)

मूल्यः 2 रूपया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'

प्रधान सम्पादक : गौहर अनवार



जलाने के बजाय आजमाएं प्राकृतिक समाधान.... 4

राष्ट्रहित सर्वोपरि

जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया पोलिंग पार्टी रवानगी .... 6

एक नजर..

## गोंडा में 'बाबा के नाम पर ही दे दे, बाबा'!




गोंडा। 'बाबा के नाम पर ही दे दे, बाबा'! अयोध्या की पड़ोसन इस लोकसभा सीट पर आमने-सामने खड़े मनकापुर के स्वर्गीय महाराजा राघवेन्द्रप्रताप सिंह के पोते कीर्तिवर्धन सिंह (भाजपा) और पूर्व केंद्रीय मंत्री बेनीप्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा (सपा) कुछ इसी अंदाज में मतदाताओं से मुखातिब हैं। मतदाता उनका यह अंदाज देख मूछों में मुस्कुरा रहे हैं।

दरअसल, राघवेन्द्रप्रताप महात्मा गांधी के समकालीन और अनुयायी थे। 1929 में उन्होंने महात्मा को अपने राजमहल बुलाया तो उन्हें रेलवे-स्टेशन से अपनी राजसी बग्घी पर ले आये और चार हजार रुपयों की थैली भेंट की थी। तब उनके बेटे आनन्द सिंह ने महात्मा के पांव छूकर जो आशीर्वाद लिया, वह आगे चलकर ऐसा फ्ला कि उन्होंने 1971, 1980, 1984 और 1889 में 4 बार कांग्रेस के टिकट पर यह सीट जीती। लेकिन आनंद के बेटे कीर्तिवर्धन की बारी आई तो कांग्रेस का हाल खस्ता हो चला। सो उन्होंने उसे छोड़ दिया और 1998 व 2004 में सपा के टिकट पर सांसद बने। मोदी युग आया तो फिर पलटी मारकर 2014 व 2019 में भाजपा से जीते। इस बार वे फिर भाजपा प्रत्याशी हैं और कड़ी लड़ाई में अपने बाबा की उस कांग्रेस विरासत से लाभ के प्रबल आकांक्षी हैं, जिसे दशकों पहले छोड़ चुके हैं।

उनकी प्रतिद्वंद्वी सपा की श्रेया वर्मा के बाबा बेनीप्रसाद वर्मा देश की देवगौड़ा व मनमोहन और यूपी की मुलायम सरकार में मंत्री, सपा के संस्थापक सदस्य और 1996 से 2004 तक कैसरगंज से सांसद रहे हैं। बाद में मुलायम से खफा होकर अलग पार्टी बनाई, जो फ्लॉप हो गयी तो कांग्रेस में चले गये। 2009 में गोंडा के सांसद बने। लेकिन अगला चुनाव हार गये तो घरवापसी कर ली। अब एक ओर श्रेया उनकी विरासत को अपनी सुविधा बनाए हुए हैं तो पीठ पीछे कई लोग उसे इधर-उधर मुंह मारने वाली विरासत बता रहे हैं।

## पश्चिम बंगाल में 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद्द



कोलकाता, (एजेंसी) कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा संचालित और उससे सहायता प्राप्त विद्यालयों में राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया के जरिए हुई सभी नियुक्तियों को रद्द करने का सोमवार को आदेश देते हुए इसे अमान्य एवं अवैध करार दिया। इसके साथ ही अदालत ने अवैध नियुक्ति पर काम कर रहे शिक्षकों से 7-8 साल के दौरान मिला वेतन सालाना 12 फीसदी ब्याज के साथ वापस लेने को कहा है। स्कूलों में 25000 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे।

जस्टिस देबांग्शु बसाक और जस्टिस मोहम्मद शब्बार राशिदी की खंडपीठ ने सीबीआई को (रद्द की गई) नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में और जांच करने तथा तीन महीनों में एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। पीठ ने पश्चिम बंगाल विद्यालय सेवा आयोग (एसएससी) को लोकसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा की तारीख के बाद एक पखवाड़े में नयी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए।

# जनता की कमाई पर 'पंजा' मारना चाहती है कांग्रेस : मोदी



अलीगढ़ (उप्र), (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस देश पर 'माओवादी सोच' थोपकर जनता की कमाई पर कब्जा करना चाहती है और उसके शासन में माताओं और बहनों का मंगलसूत्र तक सलामत नहीं रहेगा। पीएम अलीगढ़ में भाजपा प्रत्याशी सतीश गौतम और हाथरस से पार्टी उम्मीदवार अनूप वाल्मीकि के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादे (पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी) का कहना है कि उनकी सरकार आई तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी संपत्ति है, उसकी जांच करेंगे। इतना ही नहीं, वह कहते हैं कि यह जो संपत्ति है, उसे सरकार अपने कब्जे में लेकर सबको बांट देगी। यह उनका चुनाव घोषणा पत्र कह रहा है। मोदी ने कहा, 'आप सोचिए हमारी माताओं और बहनों के पास सोना होता है। वह स्त्री धन होता है। लेकिन अब इनकी (कांग्रेस) नजर कानून बदलकर हमारी माताओं-बहनों की संपत्ति छीनने पर है। उनके मंगलसूत्र पर इन लोगों की नजर है।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'वह सर्वे करना चाहते हैं कि जो नौकरी पेशा कर्मचारी हैं उनकी कितनी संपत्ति है। यह सर्वे कराकर कांग्रेस सरकार के नाम पर आपकी संपत्ति को छीन कर बांटने की बात कर रही है। पीएम ने आरोप लगाया कि इन परिवारवादी लोगों ने देश के लोगों को लूटकर अपना साम्राज्य बना लिया है। अब उनकी नजर देश के लोगों की संपत्ति पर पड़ गई है। देश की संपत्ति को लूटना कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती है। मोदी ने कहा कि यह हम सबके लिए कितने गर्व की बात है कि 500 साल के बाद भव्य राम मंदिर हम देख रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की बॉम्बे हाईकोर्ट की याचिका

# नाबालिग रेप पीड़िता को 30 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति



नयी दिल्ली, (एजेंसी) सुप्रीम कोर्ट ने करीब 30 सप्ताह की गर्भावस्था वाली 14 वर्षीय कथित बलात्कार पीड़िता को चिकित्सीय गर्भपात कराने की अनुमति दे दी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने किसी भी मामले में पूर्ण न्याय देने के लिए आवश्यक आदेश पारित करने का अधिकार देने वाले संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए मुंबई के सायन स्थित लोकमान्य तिलक एमसी मेडिकल कॉलेज के डीन को निर्देश दिया कि वह नाबालिग के गर्भपात के लिए डॉक्टरों के दल का तत्काल गठन करें। उसने नाबालिग के गर्भ को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने का अनुरोध करने वाली याचिका को खारिज करने के बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया। यह याचिका पीड़िता के पिता ने दायर की थी। शीर्ष अदालत ने 19 अप्रैल को नाबालिग की चिकित्सकीय जांच का आदेश दिया था। उसने मुंबई के सायन स्थित अस्पताल से इस संबंध में रिपोर्ट देने को कहा था कि अगर पीड़िता चिकित्सकीय रूप से गर्भपात कराती है या उसे ऐसा न करने की सलाह दी जाती है तो इसका उसकी शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति पर क्या असर पड़ने की संभावना है। 'गर्भ का चिकित्?सकीय समापन अधिनियम' (एमटीपी) के तहत, विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए गर्भावस्था को समाप्त करने की ऊपरी सीमा 24 सप्ताह है। इन विशेष श्रेणियों में बलात्कार पीड़िताएं और दिव्यांग एवं नाबालिग शामिल हैं।

# कांग्रेस उम्मीदवार उदित राज के खिलाफ नारेबाजी



नयी दिल्ली, (एजेंसी) कांग्रेस की दिल्ली इकाई के कुछ कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पार्टी द्वारा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से पाला बदलकर आए उदित राज को उत्तर पश्चिमी दिल्ली से लोकसभा उम्मीदवार चुने जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर पार्टी कार्यालय के बाहर एकत्र हुए और मौजूदा लोकसभा चुनावों में कांग्रेस द्वारा मैदान में उतारे गए उदित राज के खिलाफनारे लगाए।

उदित राज ने 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के रूप में उत्तर पश्चिम दिल्ली सीट जीती थी। वर्ष 2019 के चुनावों में भाजपा द्वारा उन्हें टिकट नहीं दिया गया, जिसके बाद वे कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि एक स्थानीय पार्टी नेता को उत्तर पश्चिम दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा जाना चाहिए था। कांग्रेस की दिल्ली इकाई के प्रमुख अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि सबसे पुरानी पार्टी में सभी को अपनी आवाज उठाने की इजाजत है। अरविंदर सिंह लवली ने पार्टी उम्मीदवारों कन्हैया कुमार, जेपी अग्रवाल और उदित राज के साथ पार्टी कार्यालय के अंदर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस एकमात्र ऐसी पार्टी है जहां हर किसी को अपनी आवाज उठाने की इजाजत है, इससे पता चलता है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकटों की काफी मांग है।' उत्तर पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस द्वारा मैदान में उतारे गए कन्हैया कुमार ने 2019 का लोकसभा चुनाव बिहार के बेगूसराय से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार के रूप में लड़ा था।

# सीयूईटी-स्नातक, नेट के लिए अंकों का नार्मलाईजेशन होगा समाप्त

नयी दिल्ली, (एजेंसी) संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) और राष्ट्रीय अर्हता परीक्षा (नेट) में इस साल से अंकों का नार्मलाईजेशन (सामान्यीकरण) समाप्त कर दिया जाएगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी। कुमार ने कहा, 'पहले, हमें यथासंभव छात्रों को पहली पसंद का केंद्र प्रदान करने के प्रयास में एक ही विषय के लिए दो या तीन दिनों में परीक्षा आयोजित करनी पड़ती थी। लेकिन इस वर्ष, ओएमआर प्रणाली अपनाने से बड़ी संख्या में केंद्र के रूप में विद्यालय और महाविद्यालय उपलब्ध होंगे, जिससे हम एक ही दिन में देश भर में परीक्षा आयोजित करने में सक्षम होंगे।' सीयूईटी-यूजी के लिए इस बार 15 से 24 मई तक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए महत्वपूर्ण परीक्षा आयोजित करने की पूर्व की व्यवस्था में बदलाव किया गया है, जिसमें 15 विषयों के लिए सीयूईटी-यूजी पांरपरिक रूप से कागज और कलम आधारित परीक्षा होगी जबकि 48 विषयों के लिए ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाएगी।

# कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा रद्द होने के बाद सभी नामांकन वापस



सूरत, (एजेंसी) कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद्द होने और अन्य सभी प्रत्याशियों के अपने नामांकन वापस लेने के बाद गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। जिलाधिकारी सह चुनाव अधिकारी सौरभ पारधी ने दलाल को निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र सौंपने के बाद मीडियाकर्मियों से कहा, 'मैं घोषणा करता हूं कि भाजपा उम्मीदवार मुकेश कुमार चंद्रकांत दलाल को सूरत संसदीय क्षेत्र से सदन के लिए विधिवत निर्वाचित घोषित किया जाता है।' गुजरात की सभी 26 सीटों के लिए 7 मई को मतदान प्रस्तावित है। सूरत सीट का नतीजा पहले ही आ जाने के कारण अब उस दिन 25 सीटों पर मतदान होगा।

इससे पहले, भाजपा की गुजरात इकाई के अध्यक्ष सीआर पाटिल ने 'एक्स' पर कहा, 'सूरत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पहला कमल भेंट किया है। मैं सूरत लोकसभा सीट से अपने उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित होने पर बधाई देता हूं।' नामांकन वापस लेने के आखिरी दिन आठ उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया, जिनमें बसपा के प्यारेलाल भारती और अधिकतर निर्दलीय शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि रविवार को निर्वाचन अधिकारी ने सूरत सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुम्भाणी का नामांकन प्रस्तावकों के हस्ताक्षर में प्रथम दृष्टया विसंगति होने के बाद रद्द कर दिया था। कुम्भाणी का नामांकन रद्द होने के बाद पार्टी के वैकल्पिक उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल करने वाले सुरेश पडसाला का नामांकन पत्र भी रद्द कर दिया गया था।

## तानाशाह की असली 'सूरत' एक बार फिर देश के सामने : राहुल



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुजरात के सूरत संसदीय क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार के निर्विरोध विजेता घोषित करने के बाद सोमवार को दावा किया कि यह बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान को खत्म करने की दिशा में बढ़ाया गया एक और कदम है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि तानाशाह की असली 'सूरत' एक बार फिर देश के सामने है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ' आप क्रोनोलॉजी समझिए। सूरत जिला चुनाव अधिकारी ने सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी नीलेश कुंभानी का नामांकन रद्द कर दिया। कारण 'तीन प्रस्तावकों के हस्ताक्षर के सत्यापन में खामी' बतायी गयी है। 3कुछ इसी तरह का कारण बताकर अधिकारियों ने सूरत से कांग्रेस के वैकल्पिक उम्मीदवार सुरेश पडसाला के नामांकन को खारिज कर दिया। कांग्रेस पार्टी बिना उम्मीदवार के रह गई है।'क रूप से कागज और कलम आधारित परीक्षा होगी जबकि 48 विषयों के लिए ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाएगी।

# चुनाव आयोग से पीएम की शिकायत



नयी दिल्ली, (एजेंसी) कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से आग्रह किया कि वह पीएम मोदी के खिलाफ ठोस कार्रवाई करे, क्योंकि उन्होंने 'विभाजनकारी एवं दुर्भावनापूर्ण' बयान देकर आचार संहिता का स्पष्ट रूप से उल्लंघन किया है। पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग पहुंचकर पीएम मोदी की टिप्पणी और कुछ अन्य विषयों पर शिकायतें कीं। प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी और गुरदीप सप्पल शामिल थे। सिंघवी ने कहा, 'हमने 17 शिकायतें की हैं। ये सभी शिकायतें गंभीर हैं और देश के संविधान के मूल सिद्धांतों पर आघात करने वाली हैं। हम आशा करते हैं कि जल्द ठोस और स्पष्ट कदम उठाए जाएंगे।' उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री को इस प्रकार का वक्तव्य नहीं देना चाहिए। उनके 'एक्स' हैंडल पर भी इस टिप्पणी को साझा किया गया है। इसमें एक समुदाय का नाम लिया गया है। इसमें कहा गया है कि वह समुदाय संसाधनों को हड़प लेगा। इसमें मंगल सूत्र की बात की गई है।'

# कचरे के पहाड़ में आग : सांस लेना हुआ मुश्किल



नयी दिल्ली (एजेंसी) दिल्ली के गाजीपुर 'लैंडफिल' (कचरा एकत्र करने की जगह) में रविवार शाम भीषण आग लगने के बाद सोमवार को भी धुएं का घना गुबार उठता रहा। जहरीले धुएं की वजह से स्थानीय निवासियों ने सांस लेने में दिक्कत होने की शिकायत की और कूड़े के ढेर को लेकर नेताओं को कोसा। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, कचरे के विशाल पहाड़ से उत्पन्न गैस के कारण लैंडफिल में लगी भीषण आग पर काबू पा लिया गया है। आग बुझाने के लिए दमकल के 14 वाहन लगाये गये। वहीं, कूड़े के ढेर का एक हिस्सा टूट जाने से टिन पैनल की एक दीवार भी गिर गई। लैंडफिल के पास स्थित घड़ोली गांव के राम कुमार ने कहा, 'आग लगे हुए 15 घंटे हो गए हैं। यह धुआं बहुत जहरीला है। जलन के कारण हम आंखें खुली नहीं रख पा रहे हैं। सांस लेने में कठिनाई हो रही है।'

# भाजपा और एनडीए जुमलेबाजों का जमघट है: सुनीता वर्मा





युरेशिया संवाददाता

मेरठ। मेरठ-हापुड़ लोकसभा के चुनाव में समाजवादी पार्टी एवं इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी पूर्व महापौर सुनीता वर्मा के समर्थन में सोमवार को माधवपुरम खाता रोड तारापुरी में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इसके अलावा जगह जगह नुक्कड़ सभाओं का का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए मेरठ हापुड़ लोकसभा की प्रत्याशी सुनीता वर्मा ने कहा की यह चुनाव संविधान बचाने पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक के मान सम्मान को बचाने और संविधान विरोधियों को सत्ता से हटाने का चुनाव है, उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए जुमलेबाजों का जमघट है इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही अग्नि वीर योजनाओं को समाप्त किया जाएगा। एनआरसीसीए एनपीआर को समाप्त किया जायेगा और भाजपा के द्वारा किए गए इलेक्ट्रोल घोटाले की जांच एक कराई जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि जातीय जनगणना कराकर पिछड़े दलित अल्पसंख्यक वर्ग को बराबर का सम्मान दिलाया जाएगा तथा गरीब महिलाओं को हर वर्ष उनके खाते में 100000 की धनराशि दी जाएगी तथा पूरे देश में मेधावी बच्चों को अल्पसंख्यक दलित पिछड़ी वर्ग के छात्र एवं छात्राओं को लैपटॉप और टैबलेट दिया जाएगा। मुफ्त अनाज के बदले अच्छी क्वालिटी का पिसा हुआ आटे के साथ-साथ दाल चावल चीनी और सरसों का तेल और इसके साथ ही प्रत्येक राशन कार्ड धारक को ?500 का डाटा दिया जाएगा हर महीने का पड़ोसी देशों से अच्छे और व्यापारिक संबंध बनाए जाएंगे यह सब सरकार मेरठ हापुड़ लोकसभा प्रत्याशी सुनीता वर्मा ने कहा, इस दौरान पूर्व पार्षद अफजल सैफी, मोहम्मद इकबाल, संदीप टीटोरिया, मास्टर सलाउद्दीन, मास्टर खालिद, परविंदर सिंह यीशु, दुलीचंद यादव, जयकरण, ओम प्रकाश यादव, नेहा गौड़, इरशाद जहां, नजमा अब्बासी, शिल्पी पटेल, अंकित पंवार, सौरभ अग्रवाल, अज्जू पंडित, मुकेश कुमार, सिद्धार्थ सिंह जाटव, आजाद मंसूरी, फौलाद कुरैशी, महमूद इकबाल , शहजाद कुरैशी, मोहम्मद आबाद खान, तुषार वर्मा, राहुल जाटव, नईम खान, आफाक इम्तियाज, आसिफअंसारी, बब्बू खान, शाह आलम, सलाउद्दीन अंसारी, रईसुद्दीन कुरैशी, संजय यादव, राकेश प्रजापति, सरदार अमन सिंह, रणजीत सिंह, राजेश सोनकर, डॉक्टर निसार आदि मौजूद रहे।

**नुक्कड़ सभाओं में भाजपा और एनडीए गठबंधन पर जमकर बरसी इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सुनीता वर्मा ने कहा यह चुनाव संविधान बचाने और संविधान विरोधियों को सत्ता से हटाने का चुनाव है, मंच पर बोली सुनीता वर्मा इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही अग्नि वीर योजनाओं को समाप्त किया जाएगा**

# पूर्वी भारत में 5 दिन रहेगी हीट वेव




नयी दिल्ली, (एजेंसी) भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि पूर्वी भारत के बड़े हिस्से में हीट वेव अगले 5 दिन तक जारी रहेगी। पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड और बिहार के कुछ हिस्सों में उष्ण लहर की स्थिति है और यह इस महीने में दूसरी बार है। मौसम विभाग के अनुसार, 15 अप्रैल से ओडिशा में और 17 अप्रैल से पश्चिम बंगाल में गंगा के किनारे वाले क्षेत्रों में उष्ण लहर की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, अप्रैल में देश के विभिन्न हिस्सों में सामान्यतः एक से तीन दिन की अवधि की तुलना में 4 से 8 दिन हीट वेव रहने की संभावना है। पूरे अप्रैल-जून की अवधि में सामान्यतः 4 से आठ दिन की तुलना में 10 से 20 दिन तक हीट वेव की संभावना है।

## एक नजर..

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्थानीय पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स पुलिस के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च



धर्मपाल सैनी /युरेशिया

रटौल नगर पंचायत मेंआगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्थानीय पुलिस और पैरा मिलिट्री पुलिस फोर्स के जवानों ने फ्लेग मार्च निकाला ।इस दौरान चौकी प्रभारी मुकेश कुमार ने कहा असमाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए। कहा अगर कोई माहौल खराब करने का प्रयास करेगा। उसके खिलाफकड़ी कारवाही की जायेगी।

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना खेकडा पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स पुलिस के जवानो ने रटौल नगर पंचायत में फ्लेग मार्च निकाला ।और बूथों का निरीक्षण किया इसके अलावा उन्होंने असमाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए ।कहा अगर कोई माहौल खराब करने का प्रयास करेगा ।तो उसके खिलाफकड़ी कारवाही की जायेगी। इस दौरान चौकी इंचार्ज मुकेश कुमार ने कहा हर बूतों पर पेनी नजर रखी जाएगी। तथा जो भी असामाजिक तत्व किसी भी तरह का माहौल खराब करने का प्रयास करेगा ।उसके खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च के दौरान नगर पंचायत रटौल में फ्लैग मार्च के ऊपर पुष्प वर्षा की गई तथा नगर में जगह–जगह नगर वासियों ने फ्लैग मार्च करने वालों का स्वागत किया।

### गुरुकुल में शिक्षकों ने मनाया पृथ्वी दिवस

नीलकंठ /युरेशिया

बिनली। गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जिवाना में सोमवार को पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण तथा वातावरण को साफऔर प्रदूषण रहित बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पौधारोपण के साथ–साथ स्लोगन और पेंटिंग के माध्यम से सभी शिक्षकों ने धारा को हरा भरा रखने और उसके संरक्षण का संकल्प लिया ।प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव खोखर ने कहां की प्रत्येक नागरिक को पृथ्वी को बचाने का संकल्प लेना चाहिए और प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिवर्ष कम से कम एक लगाना चाहिए। पृथ्वी की हरियाली और भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाकर ही हमारी धरा बेहतर होगी। हमें जल का संरक्षण करते हुए वायु प्रदूषण को कम करना होगा साथ ही कम से कम केमिकल इस्तेमाल करते हुए जल को भी स्वच्छ रखना होगा ।

### रटोल के युवक चाकू मार किया घायल

धर्मपाल सैनी /युरेशिया

रटोल बंथला मार्ग पर चिरोड़ी के समीप रटोल के एक युवक को ऑटो में दो लड़कों ने चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गंभीर अवस्था में युवक को दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है

रटोल निवासी 20 वर्षीय सोहब पुत्र जफर अपने बीमार पिता के लिए खाना लेकर गाजियाबाद ऑटो द्वारा संतोष हॉस्पिटल में जा रहा था जब वह चिरोड़ी के समीप पहुंचा तो ऑटो में सवार दो युवकों से किसी बात को लेकर उसकी खासुनी हो गई जिसमें दोनों युवकों ने उसे पर चाकू से हमला बोल दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर अवस्था में उसे लोनी के अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर उसे दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां युवक की हालत गंभीर बनी हुई है

### मतदान के लिए चलाया जागरूकता अभियान



नीलकंठ/ युरेशिया

बड़ौत। सारथी वेलफेयर फाउंडेशन व पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कस्बा छपरौली, शबगा ,बड़ौत नगर आदि में जगह जगह पर जाकर मतदान के लिए सभी को जागरूक किया गया जिसकी अध्यक्षता पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अभिषेक जैन एवम जिला कोषाध्यक्ष राहुल जैन व सारथी वेलफेयर फॉउंडेशन की चौयरपर्सन वन्दना गुप्ता ने बताया कि आने वाली 26 अप्रैल मतदान दिवस पर मतदान जरूर करे मतदान हमारा अधिकार ह मतदान हर एक व्यक्ति को करना चाहिए, एक एक वोट बहुत कीमती है देशहित में योगदान करे ।जो नगर का नागरिक ह मतदान करके ही बाहर जाए पहेले मतदान करे फिर जलपान करे सभी ने साथ मिलकर शपथ ली तथा भारत में स्वच्छ सरकार बनाने में अपना योगदान देना चाहिए आदर्श स्कूल की प्रधानचार्य विजयवती तोमर ने भी महिलाओं को मतदान करने के लिए जागरूक कर कहा मतदान हमारा हक ओर जिम्मेदारी भी है ।ईस अवसर पर वन्दना गुप्ता रेनू जैन, चांदनी जैन, प्रिया जैन, रीना जैन, सोनम जैन, निशा जैन, ममता सुनेजा, प्रज्ञा बालियान, सोनिया जैन, निशा जैन,पूजा जैन,शशि गर्ग,कविता जैन,रुचि जैन,रीना शर्मा, अभिषेक जैन,विकास गुप्ता,राहुल जैन,आदि मौजूद रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपदवासियों से की लोकतंत्र के पर्व में 26 अप्रैल को सहभागी बनने की अपील

### बड़ौत के जोहर पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ जिला स्तरीय स्वीप जागरूकता कार्यक्रम स्वीप जागरूकता कार्यक्रम में मॉडल बूथ और नुक्कड़ नाटक से लोगों को किया जागरूक



युरेशिया संवाददाता

बागपत ।दृ स्वीप जागरूकता अभियान के अंतर्गत बड़ौत के जोहर पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी ध् जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर किया। जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व, देश के गर्व में प्रत्येक नागरिक को सहभागी बनना चाहिए। सभी त्यौहार साल में एक बार आते है लेकिन लोकतंत्र का त्यौहार पांच वर्षों में एक बार आता है जो देशभक्ति दिखाने का अद्वितीय अवसर है। इसलिए जागरूक बनाए, अपने अधिकार को जानिए और 26 अप्रैल को अपने बूथ पर मतदान जरूर कीजिए।

जोहर पब्लिक स्कूल प्रांगण में मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के उद्देश्य से स्थापित मॉडल बूथ से लोगों ने मतदान की प्रक्रिया जानी और युवा विद्यार्थियों की पहल को सराहा। मॉडल बूथ पर मॉडल ईवीएम सहित अन्य उपकरण डिजाइन कर प्रदर्शनी लगाई गई। मतदान उपरांत मतदाताओं ने मॉडल बूथ पर उपलब्ध सेल्फी स्टैंड पर फोटो खिंचाई। जिलाधिकारी ध् जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आपका शासक कैसा हो, इसका निर्णय आपको अपने वोट से करना होता है जो संविधान ने आपको अधिकार दिया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से नो योर कैंडिडेट एप उपलब्ध है जिस पर प्रत्याशियों की शैक्षिक योग्यता, अपराधिक रिकॉर्ड, संपत्ति का ब्योरा सहित अन्य विवरण उपलब्ध है। इसलिए स्मार्ट मतदाता बने, सभी चुने और सही चुने। स्कूल प्रधानाचार्य रचना जोहर ने पौधा और स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों को सम्मानित कर आभार प्रकट किया।

जिलाधिकारी ध् जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने स्कूल प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोली का अवलोकन किया। कार्यक्रम में जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी, जिला आबकारी अधिकारी नवीन कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक व स्वीप सहायक नोडल धर्मेंद्र सक्सेना, जिला युवा अधिकारी व स्वीप समन्वयक अरुण कुमार तिवारी, जिला स्वीप कोर कमेटी से तकनीकी विशेषज्ञ अमन कुमार आदि मौजूद रहे।

# टेक्नोलॉजी से जिले के नागरिकों के लिए मतदान बना आसान

### ई गवर्नेंस आधारित स्वीप बागपत एप को 38,683 लोगों ने किया प्रयोग

युरेशिया संवाददाता

बागपत दृ लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोग द्वारा तकनीकी का भरपूर उपयोग किया जा रहा है। जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आयोग द्वारा सक्षम एप, केवाईसी एप, वोटर हेल्पलाइन एप, सी विजिल एप, वोटर टर्नआउट एप, एनजीएसवी पोर्टल आदि के माध्यम से मतदाताओं को सभी सुविधाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही है। आयोग के महत्वपूर्ण एप एवं संबंधित लिंक को स्वीप बागपत एप पर लिंक किया जा चुका है। नेहरू युवा केन्द्र बागपत टीम द्वारा बनाए गए स्वीप बागपत एप को 38,683 लोगों ने प्रयोग किया है जो क्यूआर कोड आधारित स्वीप बागपत एप की सार्थकता को दर्शाता है। मतदाताओं को सुविधा मिलने से निश्चित ही जिले के अधिक से अधिक मतदाता वोट करने को प्रेरित होंगे और जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ेगा।

सक्षम एपः इस एप के माध्यम से दिव्यांग मतदाता अपने बूथ की लोकेशन देख सकेंगे। साथ ही बूथ पर अपने लिए व्हीलचेयर का ऑनलाइन अनुरोध कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त अपनी शिकायत सुझाव भी से सकते है।

केवाईसी एपःइस एप के माध्यम से मतदाता अपने प्रत्याशी के सार्वजनिक विवरण को देख सकते है। एप पर प्रत्याशी के अपराधिक रिकॉर्ड, संपत्ति का ब्योरा, शैक्षिक योग्यता सहित अन्य विवरण उपलब्ध है।

वोटर हेल्पलाइन एपरू इस एप पर मतदाता अपने नाम को मतदाता सूची में खोज सकते है और डिजिटल फोटो वोटर स्लिप भी डाउनलोड कर सकते है। एप पर मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध है।

सी विजिलः इस एप के माध्यम से आचार संहिता उल्लंघन की ऑनलाइन शिकायत कर सकते है जिसका 100 मिनट में निस्तारण कर आपको ऑनलाइन रिपोर्ट दी जाती है।वोटर टर्नआउट एपरू इस एप के माध्यम से मतदान दिवस पर प्रत्येक चरण के मतदान प्रतिशत की ऑनलाइन सूचना देख सकते हैं और सोशल मीडिया पर साझा कर सकते है। जिला स्वीप कोर कमेटी से तकनीकी विशेषज्ञ अमन कुमार ने बताया कि आयोग के सभी महत्वपूर्ण एप्लीकेशन के लिंक को स्वीप बागपत

एप(https://linktr.ee/sveep) पर उपलब्ध कराया गया है। जिले के मतदाता निरंतर स्वीप बागपत एप का प्रयोग कर मतदान संबंधी विभिन्न सुविधाओं का लाभ ले रहे है। प्रतिदिन 5–7 हजार लोग एप का प्रयोग कर रहे है। स्वीप बागपत एप के माध्यम से कंट्रोल रूम को निरंतर शिकायतें प्राप्त हो रही है जिसका पूर्ण निस्तारण किया जा रहा है। सी विजिल पर 20 शिकायतें, हेल्पलाइन पर 314 फोन कॉल, ईमेल डाक के माध्यम से 31 शिकायतें प्राप्त हुई है।

# जोहर पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ जिला स्तरीय स्वीप जागरूकता कार्यक्रम

### स्वीप जागरूकता कार्यक्रम में मॉडल बूथ और नुक्कड़ नाटक से लोगों को किया जागरूक।



नीलकंठ /युरेशिया

बड़ौत। स्वीप जागरूकता अभियान के अंतर्गत बड़ौत नगर के जोहर पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर किया। जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व, देश के गर्व में प्रत्येक नागरिक को सहभागी बनना चाहिए। सभी त्यौहार साल में एक बार आते है लेकिन लोकतंत्र का त्यौहार पांच वर्षों में एक बार आता है जो देशभक्ति दिखाने का अद्वितीय अवसर है। इसलिए जागरूक बनाए, अपने अधिकार को जानिए और 26 अप्रैल को अपने बूथ पर मतदान जरूर कीजिए ।जोहर पब्लिक स्कूल प्रांगण में मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के उद्देश्य से स्थापित मॉडल बूथ से लोगों ने मतदान की प्रक्रिया जानी और युवा विद्यार्थियों की पहल को सराहा। मॉडल बूथ पर मॉडल ईवीएम सहित अन्य उपकरण डिजाइन कर प्रदर्शनी लगाई गई। मतदान उपरांत मतदाताओं ने मॉडल बूथ पर उपलब्ध सेल्फी स्टैंड पर फोटो खिंचाई। जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आपका शासक कैसा हो, इसका निर्णय आपको अपने वोट से करना होता है जो संविधान ने आपको अधिकार दिया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से नो योर कैंडिडेट एप उपलब्ध है जिस पर प्रत्याशियों की शैक्षिक योग्यता, अपराधिक रिकॉर्ड, संपत्ति का ब्योरा सहित अन्य विवरण उपलब्ध है। इसलिए स्मार्ट मतदाता बने, सभी चुने और सही चुने। स्कूल प्रधानाचार्य रचना जोहर ने पौधा और स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों को सम्मानित कर आभार प्रकट किया।

जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने स्कूल प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोली का अवलोकन किया। कार्यक्रम में जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी, जिला आबकारी अधिकारी नवीन कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक व स्वीप सहायक नोडल धर्मेंद्र सक्सेना, जिला युवा अधिकारी व स्वीप समन्वयक अरुण कुमार तिवारी, जिला स्वीप कोर कमेटी से तकनीकी विशेषज्ञ अमन कुमार आदि मौजूद रहे।

# भाजपा–रालोद गठबंधन प्रत्याशी को जिताने का किया आह्वान

विपुल जैन /युरेशिया



बागपत। गढ़ी कलंजरी गांव में सचिन आर्य के निवास पर एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सहारनपुर गंगोह विधानसभा के विधायक चौधरी तीर्थ सिंह गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष सतपाल सिंह, चेयरमैन शीशपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष मनजीत सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष तंवर स्वच्छ पर्यावरण संस्था विनोद खेला, मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा वरिष्ठ नेता नरेश वर्मा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सचिन आर्य, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष तेज सिंह प्रधान तथा राजेंद्र कश्यप उपस्थित हुए और उन्होंने बागपत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा– रालोद गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी डॉक्टर राजकुमार सांगवान को भारी मतों से जिताने की अपील की। अध्यक्षता बाबा जगमाल सिंह ने की। इस मौके पर राजेंद्र, संतराम, महेंद्र दरोगा, ब्रजमोहन, राहुल, धर्मेंद्र आदि समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्य प्रेक्षकों ने निर्वाचन कार्यों के नोडल अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

### बैठक में मुख्य प्रेक्षक ने निर्वाचन संबंधी तैयारियों का लिया जायजा, संबंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

### निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुरूप ही करे निर्वाचन कार्य

### निर्वाचन कार्य अति महत्वपूर्ण, समन्वय बनाकर करे दायित्वों का निर्वहन



युरेशिया संवाददाता

बागपत। दृ लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित मुख्य प्रेक्षकों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट लोकसभा में निर्वाचन कार्यों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। भारत निर्वाचन आयोग से बागपत लोकसभा क्षेत्र हेतु नियुक्त मुख्य सामान्य प्रेक्षक विजय वी नायक, मुख्य पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह और मुख्य व्यय प्रेक्षक राजेश टुटेजा ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में कहा कि प्रलोभन व भयरहित मतदान सुनिश्चित करना ही हमारा लक्ष्य है जिसके लिए आयोग द्वारा दिशा निर्देशों का संकल्प के साथ अनुपालन जरूरी है।

मुख्य प्रेक्षकों ने बागपत लोकसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों की संख्या, बूथों पर मूलभूत सुविधाओं, ईवीएम और वीवीपेट मशीनों के रेंडमाइजेशन, मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण, स्ट्रॉन्ग रूप व मतगणना केंद्र की व्यवस्था, स्वीप गतिविधियों, कानून व्यवस्था, सीमाओं पर निगरानी दलों की तैनाती, ईवीएम मशीनों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्था, मतदान उपरांत स्ट्रॉन्ग रूम में रखने सहित अन्य निर्वाचन कार्यों की पारदर्शिता और सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था आदि की विस्तृत जानकारी ली।

समीक्षा बैठक में मुख्य प्रेक्षकों ने जिले में सुगम और समावेशी निर्वाचन के लिए समस्त आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य प्रेक्षकों ने कहा कि ईवीएम ट्रांसपोर्टेशन सहित सभी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं से प्रत्याशियों को जरूर अवगत कराया जाए और आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप ही निर्वाचन कार्य का निष्पादन किया जाए। बैठक में मुख्य प्रेक्षक ने निर्वाचन आयोग की कोई मतदाता न छूटे के ध्येय को पूरा करने के उद्देश्य से संचालित स्वीप कार्यक्रमों की जानकारी ली और एफएसटी, वीवीटी, एसएसटी, सी विजिल, एमसीएमसी कमेटी, कंट्रोल रूम, व्यय अनुवीक्षण के कार्यों की समीक्षा कर नोडल अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### किक बॉक्सिंग में बागपत के खिलाड़ियों का रहा जलवा, झटके मैडल

नीलकंठ /युरेशिया

बागपत। 21 अप्रैल को मेरठ के सुभारती यूनिवर्सिटी में राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग चौंपियनशिप का सफल आयोजन किया गया। जिसमें बागपत जिले के खिलाड़ियों ने जमकर मैडल झटके ।इंटरनेशनल रेफरी व सचिव सौरभ नैन व टीम कोच मनोज तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि चयनित खिलाड़ियों में रूही नैन, अंकुर जवाला अनुज कुमार सौरभ शर्मा खुशी बादल सावन काला, सुनील आशीष अभय लक्ष्वी, शाहिद ने गोल्ड मेडल तथा अरुण मलिक, अशोक, मोनी, आयुष अरुनया, परीक्षित ने सिल्वर मैडल तथा देव खोखर,वेद खोखर, अनंत, निकुंज, देव, यश व काव्य तोमर ने अपने भार वर्ग में ब्रॉन्ज मैडल प्राप्त किये ।जिनमे से जल्द ही चयनित खिलाडी राष्ट्र स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जायेंगे।

### राजीव गुप्ता पुट्ठी को मंगलायतन विश्वविद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया

युरेशिया संवाददाता



बागपत। मंगलायतन विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित रिजनल एसोसिएट मीट एवं शिक्षाविद् सम्मान समारोह के तहत मेरठ रिजन के शिक्षाविदो को सम्मानित किया गया।

मेरठ बाईपास पर आयोजित सम्मान समारोह में बागपत स्थित मां अम्बा बालिका डिग्री कालेज ग्वालीखेडा के प्राचार्य डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी को भी शिक्षाविद् सम्मान से सम्मानित किया गया। उनको सम्मानित करते हुए मंगलायन विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने उनको बधाई दी। इस अवसर पर डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी ने विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त किया और कहा कि वर्तमान समय आनलाइन लर्निंग का है जिसमें विद्यार्थी घर बैठे शिक्षा ग्रहण कर सकता है ओर शिक्षा के साथ साथ अन्य रोजगारपरक तैयारी भी इसी के साथ कर सकते हैं जिससे समय की बचत होती है

इस अवसर विश्वविद्यालय से चमन गोयल, डॉ प्रवेज मसूद, आशीष शर्मा, मनोज कुमार चन्द्रा, अर्जुन शर्मा, विनोद कुमार, रेशू आदि उपस्थित रहे।

### दिगंबर जैन छोटा मंदिर में हुआ शांति विधान का आयोजन



युरेशिया संवाददाता

बड़ौत। दिगम्बर जैन समाज समिति के मन्त्री एवं भारतीय जैन मिलन के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार जैन पैट्रोल पम्प वालो की माता जी राजेश रानी जैन की प्रथम पुण्य तिथि पर उनके परिवार के द्वारा श्री दिगम्बर जैन छोटे मन्दिर में शांति विधान का आयोजन वाचस्पति डाक्टर श्रेयांस जैन जी के द्वारा बडी धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ।

तत्पश्चात श्री वर्धमान फिलिग स्टेशन पैट्रोल पम्प पर एक विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमे लगभग एक हजार लोगो ने भोजन किया। इस सम्पूर्ण कार्य मे सहभागिता वनस्थली स्कूल परिवार, वर्धमान ज्वैलर्स, सैन्ट आर वी कान्वेंट स्कूल, बड़ौत दिगम्बर जैन समाज समिति के अध्यक्ष प्रवीण कुमार जैन टीकरी वाले , दिगम्बर जैन हाई स्कूल एसोसियेशन के मन्त्री डाक्टर डी के जैन, जैन मिलन बड़ौत के अध्यक्ष पुनीत जैन, मन्त्री अनुराग मोहन जैन, गायत्री कालेज आफएजुकेशन के डायरेक्टर डाक्टर अजय तोमर , पूर्व मन्त्री चौधरी साहब सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविन्द तोमर बिजरौल आदि उपस्थित रहे।

### सुख चाहते हो तो वेद मार्ग अपनाना होगारू आचार्य जयवीर शास्त्री सामवेद पारायण महायज्ञ हुआ शुरू



युरेशिया संवाददाता

बिनौली। गल्हैता गांव में सोमवार को दो दिवसीय राष्ट्र कल्याण सामवेद पारायण महायज्ञ शुरू हुआ। जिसमे विद्वानों ने वेद को जीवन में आत्मसात करने का आहवान किया।


यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य जयवीर शास्त्री ने कहा कि जीवन को सार्थक बनाने के लिए वेद मार्ग को आत्मसात करना चाहिए। हम ऋषियों के ऋणी है उन्होंने हमें वास्तविक रूप से जीवन जीने का तरीका बताया और यज्ञ एक ऐसी विधा है, जो संसार के समस्त जीव मात्र के कल्याण के लिए सार्थक है। वैदिक विद्वान आचार्य प्रद्युम्न शास्त्री ने कहा कि वेद वाणी आत्मा को आनंदित करती है जहां वेद वाणी का प्रसार होता हो वास्तव में वहां के निवासी बहुत ही भाग्यशाली हैं। इसीलिए आत्मज्ञान वर्धन के लिए वेद वाणी जरूरी है। श्री दादू बलराम संस्कृत गुरुकुल महाविद्यालय ग्वालीखेड़ा के आचार्य अमरीश शास्त्री ने कहा कि मनुष्य के जीवन में 16 संस्कारों का विशेष महत्व है। उन्होंने युग प्रवर्तक आदि श्रृंगी ऋषि ब्रह्मचारी कृष्णदत्त महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संसार के श्रेष्ठ कम यज्ञ के संवाहक कृष्णदत्त महाराज की देन है जो आज पूरे भारतवर्ष में बड़े पैमाने पर ऋषियों के बताए वैदिक मार्ग को आगे बढ़ाया जा रहा है।

वैदिक विद्वान आचार्य अमित शास्त्री ने कहा कि ऋषियों ने माता का स्थान सर्वोच्च माना है। माता जीवन की निर्माता है। सतपाल त्यागी यज्ञमान मूलचंद गुप्ता व चिराग आर्य अर्धव्यु रहे। आचार्य विजयपाल शास्त्री, अमित त्यागी आचार्य अंकुर शास्त्री ने वेदपाठ किया।



## संपादकीय

# वोट बनाम नोट
## जनता की सजगता से हारेगा धनबल



संजय त्यागी 'महादेव'

लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग और अन्य एजेंसियों की सक्रियता से बरामद करीब पौने पांच हजार करोड़ रुपये इस बात की ओर संकेत है कि जनतंत्र के सामने धनबल की चुनौती कितनी बड़ी हो चुकी है। विडंबना देखिये कि स्वतंत्र भारत के आम चुनावों के क्रम में यह अब तक की सबसे बड़ी नकदी की बरामदगी है। चुनाव आयोग का दावा है कि हर रोज सौ करोड़ रुपये की बरामदगी होती रही है। निश्चय ही ये हालात भारतीय लोकतंत्र के भविष्य के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। आज जनप्रतिनिधि संस्थाओं में करोड़पति माननीयों की लगातार बढ़ती संख्या बताती है कि धनतंत्र का दायरा लोकतंत्र में लगातार किस हद तक बढ़ता जा रहा है। इस संकट का बढ़ना बताता है कि हमारे राजनीतिक दलों की तरफसे इस दिशा में कोई ईमानदार पहल नहीं हुई है। निरूसंदेह, उस दिन चुनावों में धनबल की भूमिका गौण हो जाएगी, जिस दिन राजनीतिक दल निहित स्वार्थों को छोड़कर इस दिशा में ईमानदार कोशिश करेंगे। 21वीं सदी में भी यदि भारतीय लोकतंत्र में आम चुनावों के दौरान धनबल, बाहुबल, अफवाह तंत्र की दखल तथा आचार-संहिता के उल्लंघन का सिलसिला जारी है तो इसका मतलब है कि हम अभी तक परिपक्व व जिम्मेदार नागरिक तैयार नहीं कर पाए। सवाल यहां धनबल का ही नहीं है, छापों के दौरान बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी भी एक बड़ी चिंता का विषय होना चाहिए। चुनाव आयोग की तरफसे बरामदगी के जारी आंकड़े बताते हैं कि इसमें 45 फीसदी नशीले पदार्थों की बरामदगी है। ऐसे में इस साल मतदान की प्रक्रिया से जुड़ रहे 1.8 करोड़ नये मतदाताओं को हमें लोकतंत्र की मौजूदा विसंगतियों से दूर रखना है। यदि हम ऐसा कर पाने में सफल होते हैं, तो तभी हम स्वस्थ लोकतंत्र की बुनियाद रख पाएंगे। ऐसे में हमारी प्राथमिकता हो कि हम नोटों की गड्डी की बजाय वोट की पवित्रता को अपनी प्राथमिकता बनाएं। यदि हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था पारदर्शी हो तो देश में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव का मार्ग प्रशस्त होता है। सही मायनों में निष्पक्ष चुनाव ही लोकतंत्र की आधारशिला है।

बहरहाल, चुनाव आयोग की हालिया सख्ती और विसंगतियों पर तुरंत कार्रवाई व गाहे-बगाहे शीर्ष अदालत द्वारा चुनाव सुधारों के लिये रचनात्मक पहल ने लोकतंत्र के बेहतर भविष्य के प्रति उम्मीद जगाई है। निरूसंदेह चुनाव प्रक्रिया कदाचार से मुक्त होनी ही चाहिए। यह आयोग के साथ ही देश के जागरूक मतदाताओं की जिम्मेदारी भी है। इस बात में दो राय नहीं हो सकती है कि किसी भी चुनाव में प्रत्याशियों के लिए चुनावी प्रतियोगिता का मंच समतल ही हो। और साथ ही किसी तरह के भेदभाव से मुक्त हो। निरूसंदेह, हमारी मौजूदा कानून व्यवस्था में राजनेताओं के भ्रष्टाचार व आर्थिक अनियमितताओं पर रोक लगाने में जो खामियां हैं, उन्हें दूर करने का प्रयास करना चाहिए। दरअसल, चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनाये रखने के लिए चुनाव आयोग का सरकार व दल विशेष के प्रभाव से मुक्त होना भी बेहद जरूरी है ताकि वह किसी भी राजनीतिक दल के खिलाफनिष्पक्ष कार्रवाई कर सके। इसमें दो राय नहीं है कि चुनावी प्रक्रिया में किसी भी तरह के भ्रष्टाचार से निपटने के लिए लोकतांत्रिक संस्थानों की स्वतंत्रता, स्वायत्तता, पारदर्शिता, जवाबदेही तथा नागरिकों के जुड़ाव को बढ़ावा देना प्राथमिकता होनी चाहिए। दरअसल, अप्रिय स्थिति से बचने के लिए जहां नियमों व कानूनों को प्रभावी व व्यापक बनाने की जरूरत है, वहीं आधुनिक प्रौद्योगिकी के जरिये हम चुनाव प्रक्रिया की कार्यक्षमता बढ़ाने तथा पक्षपात के आक्षेपों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वहीं चुनावी प्रक्रिया में गलत तरीकों से पहुंचने वाले पैसे पर नियंत्रण के लिए आवश्यक है कि राजनीतिक व्यय पर डिजिटल उपकरणों के जरिये सख्त निगाह रखी जाए। हमें अपनी चुनावी व्यवस्था में नियामक ढांचे को मजबूत करके स्वतंत्र व पारदर्शी लोकतंत्र की राह मजबूत करनी चाहिए।


### मानवीय जीवों में दूसरों की टांग खिंचाई का प्रचलन तेजी से बढ़ा

# सामाजिक,राजनीतिक धार्मिक क्षेत्रों में मुझसे कोई आगे ना बढ़े, संगठन को अपने ढंग से ढालने की कोशिशों में टांग खींचाई होती है



एड किशन भवानी

कर विशेषज्ञ




वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में प्रौद्योगिकी विज्ञान से से सराबोर होकर अपने-अपने स्तरपर सफलता के झंडे गाड़ रहे हैं और अब हर देश प्रौद्योगिकी व डिजिटाइजेशन से आछूता नहीं है, जिसका दर्जा बहुत बड़ा हो चुका है इसकी उपलब्धियों के पीछे मानवीय मस्तिष्क का कमाल है जो सफलता के झंडा गाढ़ रहा है। वही आज के युग में तकनीकी प्रौद्योगिकी वह उसके सहारे पूरी दुनिया में कनेक्टिविटी भी बढ़ती जा रही है, इसके लिए राजनीतिक क्षेत्र में बुद्धिजीवी सफल वह पारदर्शी व्यक्तित्व की आवश्यकता होती है,जो पूरी तरह समर्पित होकर भाव से नेतृत्व करें। परंतु लंबे समय से हम देखते आ रहे हैं कि प्रौद्योगिकी युग को गति देने वालों व सामाजिक राजनीतिक धार्मिक क्षेत्र में अपनी सेवा या योगदान देकर समर्पित भाव से कार्य करने वालों की टांग खींचनेका प्रचलन हाल के कुछ वर्षों में काफी बढ़ गया है। यह काम ऐसे लोगों द्वारा किया जाता है जो इन क्षेत्रों में अपने वर्चस्व को बनाकर रखना चाहते हैं, उनकी मंशा रहती है कि मुझसे कोई आगे ना बड़े व उस राजनीतिक सामाजिक धार्मिक संगठन को अपने ढंग से ढालने की कोशिशों में लगे रहते हैं, जिसके चक्कर में वह अपने से प्रबुद्ध विशाल बुद्धिमान सक्रिय सेवक की टांग खींचनें में पूरी ताकत झोंक देते है। अधिकतम फोकस उस सही वह सच्चे सफल इंसान के ऊपर कोई आरोप लगाकर उसकी रेपुटेशन यानें इज्जत की हत्या कर देते है, ताकि वह फिर सर नहीं उठा सके, ऐसे वाक्यात मैंने संगठनों में अत्यंत करीब से देखे हैं कि सफल स्वच्छ व सच्चे इंसान की कोई कमजोर कड़ी को रेखांकित कर उसकी टांग खींचने में पूरी ताकत झोंक लेते हैं क्योंकि एक सफल समझदार व्यक्ति हमेशा अपने ऊपर फेके गए कटाक्ष रूपी पत्थरों से अपनी नीव मजबूत बनाते हैं इसलिए आज हम मीडियामें उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,सामाजिक राजनीतिक धार्मिक क्षेत्र में मुझसे कोई आगे ना बड़े व संगठन को अपने ढंग से ढालने की कोशिशों में टांग खिंचाई होती है।

साथियों बात अगर हम सफलता की सीढ़ी पर चढ़ रहेव्यक्ति की टांग खींचकर गिराने की करें तो, कई बार लोग कई कारणों से सफलता की सीढ़ियां चढ़ रहे व्यक्ति की टांग खींचते हैं। यह व्यवहार ईर्ष्या, असुरक्षा या परिवर्तन के डर से उत्पन्न हो सकता है। कुछ व्यक्तियों को किसी और की सफलता से ख़तरा महसूस हो सकता है और वे अपने बारे में बेहतर महसूस करने के लिए इसे कमजोर करना चाहते हैं। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि यह व्यवहार उस व्यक्ति का प्रतिबिंब नहीं है, जो सफलता प्राप्त कर रहा है, बल्कि यह उन लोगों की असुरक्षाओं और प्रेरणाओं का प्रतिबिंब है जो उनकी टांग खींच रहे हैं। ईर्ष्या और अभिमान, इसके अलावा कम आत्मसम्मान भी इसमें शामिल हो सकता है। जब लोग अपने जीवन में दुखी होते हैं तो वे कई बार दूसरों की सफलता को खतरे के रूप में देखते हैं। दूसरे व्यक्ति को अपने लक्ष्य तक पहुँचने का जश्न मनाने के बजाय यह उनकी अपनी सभी असुरक्षाओं और कथित विफलताओं को सामने और केंद्र में लाता है। उनके अहंकार को ठेस पहुँचती है और इससे ईर्ष्या उत्पन्न होती है। ऐसे लोग हैं जो उन भावनाओं को अपने तक ही सीमित रखेंगे, लेकिन फिर ऐसे लोग भी हैं जो इसे इस हद तक ले जाएंगे कि बाधाएं खड़ी करेंगे या दूसरे व्यक्ति की सफलता या खुशी में तोड़फोड़ करने की कोशिश करेंगे। यह वास्तव में बहुत दुखद है क्योंकि जिसे वे खतरा मानते हैं वह वास्तव में एक बेहतर इंसान बनने के लिए उनकी प्रेरणा हो सकती है। यह सब इस बारे में है कि हम किसी चीज को कैसे देखते हैं और हम उस जानकारी का उपयोग कैसे कर सकते हैं। क्या हम इसका उपयोग दोहरी नकारात्मकता पैदा करने के लिए करना चाहते हैं या अपने जीवन में कुछ सकारात्मक लाने के लिए करना चाहते हैं। हमें जीवन में परिस्थितियाँ और बाधाएँ दी जाती हैं जिनसे हमें पार पाना होता है लेकिन अंततः वहाँ रहना हमारी पसंद है। सफल लोग बस ऐसे कदम उठाना चुनते हैं जिनसे सफलता मिल सके। इसका मतलब यह नहीं है कि वे अपने सभी सपने हासिल कर लेंगे, लेकिन अगर वे आगे बढ़ रहे हैं तो उन्हें पता है कि रुके रहने से हमेशा बेहतर है। इससे एक जहरीली मानसिकता पैदा हो सकती है जो उनकी अपनी नकारात्मकता पर विचार करती है। यह एक दौड़ में होने जैसा है और हम दूसरों को अपने से आगे निकलते हुए देखते हैं लेकिन हम स्थिर खड़े रहते हैं। जब तक हम हमेशा बढ़ते रहेंगे, हमको दूसरों को नीचे गिराने की जरूरत महसूस नहीं होगी। आशा है कि हम वह व्यक्ति होंगे जो रास्ते में गिरे हुए लोगों को उठा सकते हैं। कई बार लोग कई कारणों से सफलता की सीढ़ियां चढ़ रहे व्यक्ति की टांग खींचते हैं। यह व्यवहार ईर्ष्या, असुरक्षा या परिवर्तन के डर से उत्पन्न हो सकता है। कुछ व्यक्तियों को किसी और की सफलता से ख़तरा महसूस हो सकता है और वे अपने बारे में बेहतर महसूस करने के लिए इसे कमजोर करना चाहते हैं। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि यह व्यवहार उस व्यक्ति का प्रतिबिंब नहीं है जो सफलता प्राप्त कर रहा है, बल्कि यह उन लोगों की असुरक्षाओं और प्रेरणाओं का प्रतिबिंब है जो उनकी टांग खींच रहे हैं। इस दुनिया में किसी भी दो लोगों के पास सटीक क्षमता और रवैया नहीं है। कुछ महत्वाकांक्षी और वास्तविकता प्रेमी होते हैं जबकि अन्य केवल दबंग और चापलूसी प्रेमी होते हैं। तो, निश्चित रूप से, जब ऐसे लोग किसी समय टकराते हैं, तो बाद वाले को एहसास होता है कि दुनिया श्उसकी घड़ीश् के अनुसार काम नहीं करती है और ऐसे लोग अपने सामने आने वाली वास्तविकता को सहन नहीं कर सकते हैं। इसलिए दुनिया को अपने अनुसार ढालने की कोशिश में वे उन लोगों को नीचे गिराने की कोशिश करते हैं जिन्होंने अपनी निष्पक्ष मेहनत से प्रसिद्धि अर्जित की है। लेकिन ऐसे संकीर्ण दिमाग कभी भी वास्तविक सफलता की गहराई को नहीं समझ सकते हैं और यह भी कि कड़ी मेहनत से अर्जित गौरव को नफरत

### सफल व्यक्ति के प्रतिस्पर्धी,उसकी कमजोर कड़ी रेखांकित कर,टांग खींचने में अपनी ताकत झोंक देते हैं-

के सस्ते कृत्यों से कभी कम नहीं किया जा सकता है।यह अधिकांश मनुष्यों के लिए भी सत्य है। जब दूसरे लोग जीवन में आगे बढ़ते हैं तो उन्हें ईर्ष्या महसूस होती है। वे यह सुनिश्चित करने के लिए कई चीजें करते हैं कि उनका विकास सुचारू रूप से न हो। मैं निश्चित तौर पर इस बात से सहमत होऊंगा कि सभी इंसान ऐसे नहीं होते। लेकिन जब हम अपने आस-पास के लोगों से बुरी तरह प्रभावित होते हैं, तो पूरी दुनिया को काले रंग में रंगना स्वाभाविक है।लोग समझते हैं कि दूसरों का स्तर गिराकर वे महान हैं।वो लोग यह नहीं समझते कि महान बनने के लिए अपनी लाइन बढ़ानी पड़ती है, अपनी लाइन घिसानी नहीं पड़ती।लेकिन लोग इस बात को नहीं समझते और हमेशा लोगों की टांग खींचते रहते हैं एक दयालु और अच्छा इंसान होने के दुष्प्रभाव यह है कि इस दुनिया में हमारे माता-पिता के अलावा कोई भी हमारी प्रगति या हमारी दयालुता से खुश नहीं होगा। यही बुनियादी मनोविज्ञान है।सफल लोग बस ऐसे कदम उठाना चुनते हैं जिनसे सफलता मिल सके। जब तक हम हमेशा बढ़ते रहेंगे, हमको दूसरों को नीचे गिराने की जरूरत महसूस नहीं होगी। आशा है कि हम वह व्यक्ति होंगे जो रास्ते में गिरे हुए लोगों को उठा सकते। साथियों बात अगर हम टांग खींचने को गंभीरता से नहीं , लेने की करें तो, जब कोई मेरी टांग खींचता है तो मैं इसे गंभीरता से क्यों लेता हूं? मुझे क्या करना चाहिए?जब कोई हमारी टांग खींच रहा है और हम यह अच्छी तरह से जानते हैं, तो यह स्पष्ट है कि जो कुछ भी किया गया है वह केवल मनोरंजन के लिए है। इसे गंभीरता से लेने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। ऐसा हो सकता है कि हमको यह पसंद न हो कि दूसरे लोग आपके बारे में क्या बातें कहते हैं, लेकिन फिर हमको यह समझना होगा कि उनका हमको ठेस पहुँचाने का कोई इरादा नहीं है और यह बस लापरवाही से कहा गया है। ऐसी स्थितियों में सबसे अच्छी बात यह है कि ऐसी बातों को गंभीरता से न लें और उन्हें जाने दें। यदि आपको सही लगता है तो हम लापरवाही से भी प्रतिक्रिया दे सकते हैं अन्यथा बुरा मत मानना। इस दुनिया में किसी भी दो लोगों के पास सटीक क्षमता और रवैया नहीं है। कुछ महत्वाकांक्षी और वास्तविकता प्रेमी होते हैं जबकि अन्य केवल दबंग और चापलूसी प्रेमी होते हैं। तो, निश्चित रूप से, जब ऐसे लोग किसी समय टकराते हैं, तो बाद वाले को एहसास होता है कि दुनिया उसकी घड़ी के अनुसार काम नहीं करती है और ऐसे लोग अपने सामने आने वाली वास्तविकता को सहन नहीं कर सकते हैं। इसलिए दुनिया को अपने अनुसार ढालने की कोशिश में वे उन लोगों को नीचे गिराने की कोशिश करते हैं जिन्होंने अपनी निष्पक्ष मेहनत से प्रसिद्धि अर्जित की है। लेकिन ऐसे संकीर्ण दिमाग कभी भी वास्तविक सफलता की गहराई को नहीं समझ सकते हैं और यह भी कि कड़ी मेहनत से अर्जित गौरव को नफरत के सस्ते कृत्यों से कभी कम नहीं किया जा सकता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मानवीय जीवों में दूसरों की टांग खिंचाई का प्रचलन तेजीसे बढ़ा सामाजिक राजनीतिक धार्मिक क्षेत्रों में मुझसे कोई आगे ना बढ़े,संगठन को अपने ढंग से ढालने की कोशिशों में टांग खींचाई होती है।सफल व्यक्ति के प्रतिस्पर्धी,उसकी कमजोर कड़ी रेखांकित कर टांग खींचने में अपनी ताकत झोंक देते हैं।

## दशमेश पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया गया



युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। रामराज स्थित दशमेश पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमे नन्हें मुन्ने बच्चे द्वारा पर्यावरण सरक्षण पर भाषण एव कविता प्रस्तुत की गई तथा पोस्टर के माध्यम से पृथ्वी बचाओ, जीवन बचाओ का नारा दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की डायरेक्टर डा0 सिम्मी सहोता द्वारा किया गया उन्होने बच्चे को पृथ्वी बचाने के लिए प्लास्टिक से बनी चीजों का प्रयोग न करने तथा अपने घर अथवा घर के आस-पास पेड-पौधे लगाने की सलाह दी उन्होने कहा कि जीवन बचाने के लिए पेड बहुत अवश्यक है सिरत, शगनदीप, भवि पाहवा, अगम जोत और शब्द अनेजा ने कविता एवं भाषण के माध्यम से पृथ्वी बचाने तथा जोया, समृद्धि, अगमजोत, गगनदीप, अनमोल, तनवीर, सिकन्दर आदि के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया प्रधानाचार्य आमिर खान ने कहा कि पृथ्वी के सरक्षण के लिए हमे पोलोथिन का प्रयोग नहीं करना चाहिए तथा अधिक से अधिक पैड -पौधे लगाने चाहिए। कर्यक्रम को सफल बनाने में कॉर्डिनेटर, स्वाती अरोरा, रितिका शर्मा, कोमल, खुशबू, सिमरन गुरजीत गुरविंदर मोनिका आदि का सहयोग रहा।

फोटो कैप्शन- दशमेश पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाते छात्र छात्राऐं।

## विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर बच्चों ने लिया धरती माँ को बचाने का संकल्प

युरेशिया संवाददाता



मीरापुर। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर उनको पोषित करने तथा पर्यावरण को दूषित होने से बचने का संकल्प लिया गया।

ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में छोटे-छोटे बच्चों मानव, चिराग, लव, मोहम्मद, शिव, पूर्वी एवं एकलव्य आदि ने विद्यालय के उद्यान में जाकर पौधों को सिंचित किया तथा पृथ्वी एवं पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ पौधों के योगदान के विषय में जानकारी प्राप्त की। कक्षा 6 से 8 के बच्चों के बीच पर्यावरण बचाओ विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने पेंटिंग्स के माध्यम से मदर अर्थ के प्रति अपने प्रेम एवं भावनाओं को व्यक्त किया। चित्रकारी के माध्यम से बच्चों ने प्रदूषण को कम करने, अत्यधिक वृक्ष लगाने, जल का संरक्षण करने, पॉलिथीन एवं प्लास्टिक का प्रयोग न करने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि पृथ्वी हमें सब कुछ देती है और हमें भी बदले में उसकी रक्षा का संकल्प लेते हुए पर्यावरण को दूषित होने से बचाना चाहिए तथा विकास की सतत प्रक्रिया को अपनाना चाहिए जिससे आने वाली पीढ़ियां को किसी भी प्रकार से रिसोर्सेज की कमी ना हो। इस अवसर पर नीरा तोमर, मीनाक्षी अरोड़ा, सोनिया सैनी आदि का विशेष योगदान रहा।

# जलाने के बजाय आजमाएं प्राकृतिक समाधान

पंकज चतुर्वेदी



कुछ माह पहले जो समाज हवा की गुणवत्ता खराब होने के चलते हरियाणा-पंजाब के किसानों को पराली जलाने के लिए दोष दे रहा था, वह अब वैसा ही काम करके खुद का नुकसान कर रहा है। दिल्ली का विस्तार कहलाने वाला गाजियाबाद जिला भले ही आबादी के लिहाज से हर साल विस्तार पा रहा है लेकिन जानकर आश्चर्य होगा कि अभी तक यहां नगर निगम के पास कूड़ा निस्तारण की कोई जगह नहीं है। चूंकि महानगर के बड़े हिस्से में अभी भी खुलापन, पेड़, हरियाली और बगीचे मौजूद हैं तो जगह-जगह सूखे पत्तों का ढेर लगा रहता है। हर कॉलोनी में इनके निस्तारण के लिए आग लगाना आम बात है। गाजियाबाद केवल एक उदाहरण है, दिल्ली से जितनी दूरी बढ़ती जाएगी सूखे पत्तों को फूंकने की लापरवाही भी बढ़ेगी। कुछ लोगों के लिए ये झड़े पत्ते महज कचरा हैं और वे इसे समेट कर जलाने को परंपरा, मजबूरी, मच्छर मारने का तरीका जैसे नाम देते हैं। असल में यह न केवल गैरकानूनी है, बल्कि प्रकृति पर अत्याचार भी है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने सन ? 2016 में सख्त लहजे में कहा था कि पेड़ों से गिरने वाली पत्तियों को जलाना दंडनीय अपराध है व प्रशासनिक अमला यह सुनिश्चित करे कि आगे से ऐसा न हो। इस बारे में समय-समय पर कई अदालतें व महकमें आदेश देते रहे हैं, लेकिन कानून के पालन को सुनिश्चित करने वाली संस्थाओं के पास इतने लोग व संसाधन नहीं हैं कि हरित न्यायाधिकरण के निर्देश का शत-प्रतिशत पालन करवा सके। कुछ साल पहले दिल्ली में एक सांसद की सरकारी कोठी में पत्तियां जलाने पर मुकदमा दायर हुआ था, उसके बाद दिल्ली में तो इस विषय में जागरूकता और सतर्कता है। लेकिन कई जगह तो नगर को साफ रखने का जिम्मा निभाने वाले स्थानीय निकाय खुद ही कूड़े के रूप में पेड़ से गिरी पत्तियों को जला देते हैं। असल में पत्तियों को जलाने से उत्पन्न प्रदूषण तो खतरनाक है ही, सूखी पत्तियां कई मायनों में बेशकीमती भी हैं। प्रकृति के विभिन्न तत्वों का संतुलन बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

सूखी पत्तियां जलाने से इंसान कई बीमारियों को न्योता देता है। गिरी हुई पत्तियों को जलाने के दौरान अल्पकालिक और दीर्घकालिक संपर्क से अस्थमा के दौरे, दिल के दौरे और कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता का खतरा भी बढ़ सकता है।

दिल्ली हाईकोर्ट दिसंबर, 1997 में ही आदेश पारित कर चुका था कि पत्तियों को जलाने से गंभीर पर्यावरणीय संकट पैदा हो रहा है, इसलिए इस पर पूरी तरह पाबंदी लगाई जाये। सन ? 2012 में दिल्ली सरकार ने पत्ते जलाने पर एक लाख रुपये जुर्माने व पांच साल तक की कैद का प्रावधान किया था। लेकिन एक तो ऐसे मामलों की कोई शिकायत नहीं करता, दूसरे पुलिस भी ऐसे पचड़ों में फंसती नहीं। यह भी कि स्थानीय निकाय के लोग खुद ऐसी हरकतें करते हैं। ऐसे में जाने-अनजाने पूरा समाज वातावरण में जहर घोलने के कार्य में शामिल है।

दिल्ली एनसीआर की आबोहवा इतनी दूषित हो चुकी है कि पांच साल के बच्चे तो इसमें स्वस्थ जी नहीं सकते हैं। दस लाख से अधिक बच्चे हर साल सांस की बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। प्रदूषण कम करने के विभिन्न कदमों के तहत हरित न्यायाधिकरण ने पाया कि महानगर में बढ़ रहे पीएम यानी पार्टिकुलेट मैटर का 29.4 फीसदी कूड़े व उसके साथ पत्तियों को जलाने से उत्पन्न हो रहा है।

पेड़ की हरी पत्तियों में पाया जाने वाला क्लोरोफिल वातावरण में मौजूद जल-कणों को हाइड्रोजन व आक्सीजन में विभाजित कर देता है। हाइड्रोजन वातावरण में मौजूद जहरीली गैस कार्बड डाइआक्साइड के साथ मिलकर पत्तियों के लिए शर्करायुक्त भोजन उपजाती है। जबकि आक्सीजन तो प्राण वायु है ही। जब पत्तियों का क्लोरोफिल चूक जाता है तो उसका हरापन समाप्त हो जाता है व वे पीली या भूरी पड़ जाती हैं। हालांकि ये पत्तियां पेड़ के लिए भोजन बनाने के लायक नहीं रह जाती हैं लेकिन उसमें नाइट्रोजन, प्रोटीन, विटामिन, स्टार्च व शर्करा आदि का खजाना होता है। ऐसी पत्तियों को जब जलाया जाता है तो कार्बन, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन व कई बार सल्फर से बने रसायन उत्सर्जित होते हैं। इसके कारण वायुमंडल की नमी और आक्सीजन तो नष्ट होती ही है, कार्बन मोनोआक्साइड, नाइट्रोजन आक्साइड, हाइड्रोजन सायनाइड, अमोनिया, सल्फर डाइआक्साइड जैसी दम घोटने वाली गैस वातावरण को जहरीला बना देती हैं। अनुमान है कि दिल्ली एनसीआर में दो हजार हेक्टेयर से ज्यादा इलाके में हरियाली है व इससे हर रोज 200 से 250 टन पत्ते गिरते हैं और इनका बड़ा हिस्सा जलाया जाता है।

एक बात और, पत्तों के तेज जलाने की तुलना में उनके धीरे-धीरे सुलगने पर ज्यादा प्रदूषण फैलता है। एक अनुमान है कि दिल्ली एनसीआर इलाके में जलने वाले पत्तों से पचास हजार वाहनों से निकलने वाले जहरीले धुएं के बराबर जहर फैलता है। बता दें, पत्ते जलने से निकलने वाली सल्फर डाइआक्साइड, कार्बनमोनो व डाइआक्साइड आदि गैसें दमघोटू होती हैं। शेष बची राख भी वातावरण में कार्बन की मात्रा तो बढ़ाती ही है, जमीन की उर्वरा क्षमता भी प्रभावित होती है।

अमेरिका और यूरोप के देशों में पेड़ से गिरी पत्तियों को वहां से उठाने पर पाबंदी है क्योंकि वे जानते हैं कि ये पत्तियां सूख कर धरती को समृद्ध कर रही हैं। यदि केवल एनसीआर की हरियाली से गिरे पत्तों को धरती पर यूं ही पड़ा रहने दें तो जमीन की गर्मी कम होगी, मिट्टी की नमी तेज गर्मी में भी बरकरार रहेगी। यदि इन पत्तियों को महज खत्ती में दबा कर कंपोस्ट खाद में बदल लें तो लगभग 100 टन रासायनिक खाद का इस्तेमाल कम किया जा सकता है। इस बात का इंतजार करना बेमानी है कि पत्ते जलाने वालों को कानून पकड़े व सजा दे। बेहतर होगा कि समाज तक यह संदेश पहुंचाया जाए कि सूखी पत्तियां पर्यावरण-मित्र हैं और उनके महत्व को समझना, संरक्षित करना सामाजिक जिम्मेदारी है। इसके लिए स्कूली बच्चों में व आरडब्ल्यूए स्तर पर जागरूकता लानी जरूरी है वहीं प्रशासन के स्तर पर निगरानी अनिवार्य है।

# एयरटेल ने पेश किया दुनिया घूमने वाले ग्राहकों के लिएकिफायती इंटरनेशनल रोमिंग पैक

**' पैक मात्र ?133 प्रतिदिन से शुरू, विदेश में उपलब्ध लोकल सिम से भीसस्ता**

**' ग्राहक अब फ्लाइट के दौरान कनेक्टिविटी का लाभ उठा सकते हैं, विदेशमें लैंडिंग पर पैक होगा ऑटो एक्टिव, मिलेगा अनलिमिटेड डेटा, वायससर्विसेज और 24x7कांटेक्ट सेंटर सपोर्ट**

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। भारत के प्रमुख टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स मेंसे एक, भारती एयरटेल ('एयरटेल') ने आज विदेश यात्रा करने वाले ग्राहकोंके लिए किफायती अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पैक पेश किए हैं। नए पैक में 184 देशों तक पहुंच शामिल है और इनका टैरिफ ?133 प्रतिदिन से शुरू होता है, जो इन्हें विदेशों में मिलने वाले लोकल सिम की तुलना में भी काफीकिफायती विकल्प प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, इन पैक्स के साथबेहतर डेटा बेनिफ्ट्सि, उड़ान के दौरान इन-फ्लाइट कनेक्टिविटी और 24x7 कॉन्टैक्ट सेंटर सपोर्ट उपलब्ध होता है।

इन सुविधाओं को यथासंभव सुविधाजनक बनाने के लिए, एयरटेल ने यह भीसुनिश्चित किया है कि इन 184 देशों की यात्रा करने वाले ग्राहकों को अबविभिन्न देशों के लिए अलग-अलग पैक लेने की आवश्यकता नहीं है। उन्हेंकेवल अपने यात्रा की अवधि चुननी होगी और एक ही पैक के माध्यम से वेदुनिया में कहीं भी बिना किसी रुकावट के कनेक्टिविटी का आनंद ले सकतेहैं।

अमित त्रिपाठी - डायरेक्टर - कस्टमर एक्सपीरियंस एंड मार्केटिंग, भारतीएयरटेल ने बताया,'एयरटेल में, हमारा मिशन ग्राहकों की समस्याओं को हलकरना और अधिक सुविधा प्रदान करना है। हमें किफायती और

## एक नजर..

## रामनवमी के पर्व पर कस्बे में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**मनोज कांबोज/युरेशिया**



बिहारीगढ़। रामनवमी के पावन पर्व पर आज सोमवार को कस्बा बिहारीगढ़ में भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभा यात्रा शिव मंदिर प्रांगण से शुरू होकर कस्बे से होती हुई बुग्गावाला रोड रामगढ़ किशनगढ़ कॉलोनी थाकुर रोड से होती हुई शिव मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। लोगों ने पूजा-पाठ के साथ भक्तों को प्रसाद वितरित किया। शोभा यात्रा में पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर नजर आ रहा था। शोभा यात्रा में शिव मंदिर कमेटी के सदस्य एवं पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा। शिव मंदिर में भगवान श्रीराम का जन्मदिन बड़े ही श्रद्धाभाव प्रेम और उल्लास के साथ मनाया गया। भगवान श्री राम के बाल रूप की पूजा कर उनके जन्मोत्सव को मनाने के लिए कस्बे के आसपास के श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। शोभायात्रा में सैकड़ो स्त्री पुरुष बच्चे बूढ़े और जवान आदि लोग शामिल रहे।

## चिलकाना पुलिस ने एकअभियुक्त को एक अवैध तमँचे व अवैध बाइक के साथ पकड़ा

**नाथी सहल/युरेशिया**



चिलकाना। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताड़ा के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकार सदर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कपिलदेव के कुशल नेतृत्व मे एक नफ़र अभियुक्त इरशाद पुत्र हमीद अंसारी निवासी ग्राम घाठेड़ा थाना चिलकाना को एक 315बोर का तमँचा व एक जिन्दा कारतूस, एक फर्जी नंबर की प्लेट लगी स्प्लेंडर मोटरसाईकिल के साथ हाड़ी पुलिया पटनी रोड से गिरफ्तार किया, अपराधी के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ, अभियुक्त को मा0न्यायलय के सामने पेश किया जायेगा, गिरफ्तार करने वाली टीम मे उप निरक्षक विजय सिंह, हे0का0 हेमंत सिंह, का0 टिंकू यादव मौजूद रहा

## सैनी महापंचायत ने गरीब परिवार की बेटी की शादी में की आर्थिक मदद

**भवानी सैनी/युरेशिया**



बेहट। अंकुर सैनी जिला अध्यक्ष सहारनपुर सैनी महापंचयात ट्रस्ट संगठन, सुखदेव सैनी शाहपुर बांस (अकबरपुर) प्रदेश महासचिव ,सुबोध सैनी जिला महासचिव, कोषाध्यक्ष डा शुभम सैनी,ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक सैनी, एवं समस्त जिला कार्यकारिणी सहारनपुर द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार सर्व समाज में जिस भी बहनों के भाई नही है भाई बनकर भात की रस्म ,जिन बहनो की आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर है उनके यहां सोशल मीडिया के माध्यम से सर्व समाज के सहयोग से जो भी सहयोग इकट्ठा होता हैं, प्रदान किया जा रहा है। तहसील बेहट के ग्राम आलमपुर अमादपुर में धीमान परिवार से बिन माँ बाप की बेटी , जिसका एक भाई भी रोड एक्सीडेंट में ईश्वर ने अपने पास बुला लिया ।सैनी महापंचायत द्वारा सोमवार को उस बहन की शादी में सभी के सहयोग से 7100ध् रुपये नगद धनराशी और 4 जोड़ी कपड़ा बहन को कन्यादान दिया गया। इस दौरान डा आदित्य धीमान ,डा मांगेराम धीमान, अंकित धीमान, गुरदीप धीमान बहन रीना धीमान आदि सभी सहयोग रहा।

## थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा टोल प्लाजा पर हुए झगड़े के चार अभियुक्त गिरफ्तार

**सुनील कुमार सैनी/युरेशिया**



छुटमलपुर। थाना फ्तेहपुर पुलिस द्वारा टोल चमारीखेड़ा टोल प्लाजा पर हुए झगड़े में चार अभियुक्तो को गिरफ्तार करने में सफ्लता प्राप्त की थाना अध्यक्ष फ्तेहपुर धर्मेंद्र कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना फ्तेहपुर पुलिस ने टोल प्लाजा हुए झगड़े में चार अभियुक्त अनिरुद्ध पुत्र महेश निवासी मोहल्ला संत नगर कस्बा छुटमलपुर, पवन पुत्र विनय निवासी ग्राम बुड्ढा खेड़ा पुंडीर थाना फ्तेहपुर, रजत पुत्र अमरीश निवासी ग्राम भाभरी थाना गागलहेडी अक्षय पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी मोहल्ला पंजाबी कॉलोनी कस्बा छुटमलपुर थाना फ्तेहपुर को गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक सोनू राणा, उप निरीक्षक विजयपाल सिंह, हेड का0 प्रदीप कुमार, हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार, कांस्टेबल सतीश कुमार शामिल रहे।

## थाना सरसावा प्रभारी सत्येन्द्र कुमार राय की पुलिस टीम की भी बड़ी कार्रवाई,सोलर पेनल के साथ एक शातिर चोर गिरफ्तार

**शक्ति चौधरी/युरेशिया**



सरसावा। थाना सरसावा प्रभारी सत्येन्द्र कुमार राय की पुलिस टीम उपनिरीक्षक एवम शाहजहांपुर चौकी प्रभारी बिजेंद्र सिंह रावल ने चेकिंग के दौरान नकुड रोड म्हाडी के पास से एक शातिर चोर गुलशेर पुत्र मतलूब निवासी घंघोड को दो चोरी के सोलर पैनल के साथ नकुड रोड माढी के पास से किया गिरफ्तार अभियुक्त को समय से मान्य न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा!

## ऑटो व कार की भिडंत, सवारी घायल

नागल। रविवार शाम लाखनोर तिराहे के निकट एक कार की ऑटो के साथ हुई भिडंत में ऑटो सवार पहाड़पुर निवासी एक व्यक्ति घायल हो गया। जिसे सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया, घटना के बाद कार चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। पहाड़पुर निवासी सुनील रविवार देर शाम ऑटो में बैठकर सहारनपुर से घर लौट रहा था। लाखनोर में अचानक सामने से तेज गति से आई एक कार ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे सुनील घायल हो गया। लाखनोर पुल के नीचे मौजूद पुलिसकर्मियों ने सुनील को सीएचसी भिजवाया, जहां से उसे गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। सोमवार सुबह सुनील की पत्नी सोनिया ने मौके पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर अज्ञात टाटा सफारी चालक के खिलाफतहरीर दी है। पुलिस ने कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## किशोरी के अपहरण का आरोपी भेजा जेल

नागल। तीन दिनों पूर्व क्षेत्र के एक गांव निवासी एक नाबालिक को अगवा कर उसके साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी को पुलिस ने सोमवार दोपहर उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेश्वर बौद्ध ने बताया कि 20 अप्रैल को थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि उनके ही गांव का रहने वाला एक युवक उसकी नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर घर से अगवा कर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया था, लेकिन आरोपी अमित उर्फशानू गिरफ्तार नहीं हो पाया था, जिसे सोमवार दोपहर उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है।

# माता महाकाली मंदिर पर दो दिवसीय मेले व भंडारे का आयोजन

### श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर मांगी मन्नते

**प्रदीप धीमान / युरेशिया**




गागलहेड़ी। मुजफ्फरनगर रोड स्थित खजुरी अकबरपुर में आज चौत्र मास शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी व पूर्णमासी दिन सोमवार व मंगलवार को दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया।

माता महाकाली मंदिर में दो दिवसीय मेला वैदिक मंत्रोचारण के साथ शुरू हो गया मंदिर पुजारी गोरखनाथ जी व श्रद्धालुओं ने आराध्य देवी महाकाली का श्रृंगार कर विधि विधान से पूजाअर्चना कर मेले का शुभारंभ किया। इसके उपरांत माता महाकाली देवी को भोग लगाया कर भंडारे का शुभारंभ किया गया।

मेले का उद्घाटन महंत राम आसरे दास त्यागी जी महाराज के द्वारा किया गया। गागलहेड़ी थाना क्षेत्र के मुज्जफरनगर रोड पर स्थित खजुरी अकबरपुर में आज से माता के मंदिर पर दो दिवसीय मेला शुरू हो गया है। जिसमे बड़े बड़े झूले व प्रसाद की दुकाने, खेल खिलौने चाट, पकोड़ी, जलेबी आदि की दुकानें मेले की शोभा बढ़ा रही हैं। महिलाए और बच्चे जम कर खरीदारी कर रहे है। पंडित गोरखनाथ जी ने बताया कि यह मंदिर प्राचीन मंदिर हैं हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी मेले व भंडारे का आयोजन किया गया है मंदिर पर श्रद्धालु सच्चे मन से अपनी मन्नते मांगते हैं माता रानी की कृपा से वह अवश्य ही पूरी होती है। इस मंदिर की अपनी पौराणिक गाथाए भी हैं। दुर दूर से श्रद्धालु यहां प्रसाद चढ़ाने के लिए आते हैं। और जिनकी मन्नते पूरी हो जाती है वह यहां पर आकर भंडारा भी देते हैं।

बताया जाता है की यह मंदिर स्व0 बाबा चंद्रपुरी जी के द्वारा बनवाया गया था उनके ही नाम से प्रसिद्ध है श्रद्धालु उनके समाधि पर भी प्रसाद चढ़ाते हैं। और अब महंत श्री श्री 1008 बाबा रामआसरे दास त्यागी जी महाराज के सानिध्य में मेले व भंडारे का आयोजन निरंतर चलता चला आ रहा है। और मंदिर पर श्रद्धालु माता रानी उनका आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण करते है। वही सुरक्षा के दृष्टिगत गागलहेड़ी पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है आने वाले भक्तो को किसी प्रकार की असुविधा न हो उसका ध्यान रखा जा रहा है। इस मौके पर प्रमोद वालिया, बारु यादव, संजय भारद्वाज, तुषार शर्मा, रजनीश कुमार, बालेश्वर यादव, सागर यादव, डा0 पलटू राम, हरबीर सिंह, चंद्र पाल खन्ना, सतीश वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# गेहूं की फसल काटने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी डंडे, 6 घायल

### मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया

**भवानी सैनी/ युरेशिया**



बेहट(सहारनपुर) गेंहू की फसल काटने को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद के बाद जमकर लाठी-डंडे चले। विवाद में दो महिलाओं सहित 6 लोग घायल हो गए है । सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया। झगड़े का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस का कहना है जांच कर कारवाई की जायेगी।

घटना कोतवाली बेहट क्षेत्र के गांव टटोहल की है। गांव के ही अंगूर पुत्र भुल्ला ने दो दिन पहले सीएम को भेजे शिकायती पत्र में बताया था कि गांव के पास उनका तीन बीघा खेत है जिसमे गेंहू की फसल खड़ी है, लेकिन गांव के ही दबंग व्यक्तियों द्वारा उन्हें फसल नही काटने दिया जा रहा है। जबकि दूसरे पक्ष का कहना है कि उक्त जमीन पर वह करीब चार दशक से कबिज है और गेहूं की फसल की बुवाई भी उन्होंने ही की थी। सोमवार की सुबह अंगूर पक्ष गेंहू की फसल काटने खेत पहुंचा तो आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगो ने उन्हे अपनी फसल काटने से रोका और गाली गलौच की। इसी बात को लेकर दोनो पक्षों में विवाद हो गया और दोनों ओर से जमकर लाठी डंडे चले। विवाद में पूजा पत्नी जसवीर, मुन्नी पत्नी अंगूर, अंकुश पुत्र प्रेम, सुभाष पुत्र अंकुर व रघुवीर पुत्र मामराज सहित कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को बेहट सीएचसी में भर्ती कराया। झगड़े का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। कोतवाली बेहट इंस्पेक्टर योगेश शर्मा ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कारवाई की जाएगी।

# चिलकाना में छः दिवसीय मेला बाला देवी सुन्दरी का हुआ शुभारंभ

### सुबह से ही उमड़ी हरियाणा पंजाब उत्तराखंड श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**नाथी सहल/युरेशिया**




चिलकाना। चिलकाना में मेला मां देवी बाला सुंदरी का विधि विधान के साथ शुभारंभ हो गया है। सुबह से ही मंदिर परिसर में प्रसाद चढ़ाने वालों की भारी भीड़ उमड पड़ी।

सोमवार को चिलकाना बस स्टैंड स्थित देवी बाला सुंदरी के मेले का विधि-विधान के साथ शुभारंभ हो गया। मेले का उद्घाटन मेला कमेटी प्रबंधक पवन सिंघल, राजीव सिंघल, एकता जनसेवा समिति के संरक्षक बाल कृष्ण शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मेले में पहले ही दिन पंजाब हरियाणा उत्तराखंड हिमाचल प्रदेश अधिकारियों की के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ माता के दर्शन करने पहुंच चुकी है। उद्घाटन के दौरान मेला प्रबंधक पवन सिंह ने कहा कि देवी बाला सुंदरी का यह मेला सैकडो वर्षों से अधिक समय से लगता आ रहा है, जिसने विभिन्न राज्यों से लोग अपनी श्रद्धा के अनुसार आकर माता के दर्शन करते हैं और प्रसाद चढ़ा कर धर्म लाभ उठाते हैं मेले में स्काउट एंड गाइड शिविर, एनसीसी शिविर, पुलिस कैंप, स्वस्थ्य विभाग तथा प्याऊ,नगर पंचायत कैप का भी उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के दौरान शक्ति चौधरी, अजय सैनी, मनोज सैनी,राकेश जैन, व्यापार मंडल अध्यक्ष यूसुफ कुरैशी,शशी त्यागी, सोनू सिंघल, कुणाल सिंघल, विजेंद्र धीमान, आशु सैनी रहे

# श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर की जा रही विशेष पूजा अर्चना

### मंगलवार को धूमधाम के साथ मनाई जाएगी श्री हनुमान जयंती

**भवानी सैनी/युरेशिया**



बेहट। सिद्ध पीठ श्री शाकुंभरी देवी मंदिर परिक्षेत्र में गांव नागल माफी के निकट श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्री हनुमान जयंती के अवसर पर शत चंडी महायज्ञ का का आयोजन एवं विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। मंगलवार को बड़ी धूमधाम के साथ श्री हनुमान जयंती मनाई जाएगी इस मौके पर मंदिर पर श्री पंचमुखी हनुमान जी के दर्शनों को भक्तों की भारी भीड़ पहुंचने की संभावना है।

गांव नागल माफी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर विद्वान पंडितो द्वारा श्री हनुमान जयंती के मौके पर विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। इसके अलावा विद्वान पंडितो द्वारा शतचंडी यज्ञ भी आयोजित किया जा रहा है। जिसमे भक्तों की भारी भीड़ पहुंच रही है। मंगलवार को श्री हनुमान जयंती धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। इसमें भक्तों की भारी भीड़ पहुंच रही है। इस मौके पर मिथलेश नन्दन कोशिक, सूरज शुक्ला,सोनू शास्त्री, अरविंद शास्त्री,मोन्टी शास्त्री,मोहित शास्त्री, नितिश भारद्वाज, विशाल बंसल, शक्ति चौधरी पत्रकार महाराज अव्यानंद जी महाराज सुधीर शर्मा राजेंद्र शर्मा पंडित जी सतीश शर्मा पंडित जी गुरुदेव जी पंडित संजय शास्त्री शामली से काका नगर वाले पंडित ऋषि पाल जी व्यवस्थापक देखने वाले दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

# सरसावा में निकली गई रामनवमी के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा यात्रा - पंजाबी महासभा के अध्यक्ष पल्ली कालड़ा भी शोभायात्रा में हुये शामिल

**शक्ति चौधरी/युरेशिया**



सरसावा में रामनवमी के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा यात्रा निकली गई शोभायात्रा मे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुये पंजाबी समाज के अध्यक्ष पाल्ली कालड़ा ने सभी का अभार जताया पूर्व चेरमेन बिजेन्द्र मोगा चेरमेन प्रतिनिधि राजू पवार को पंजाबी समाज द्वारा पकड़ी पहनाकर सम्मानित भी किया गया शोभायात्रा सत्संग भवन मंदिर से शुरू होकर नगर का भृमण करते हुए वापस मंदिर प्रागणमें आकर संपन्न हुई शोभायात्रा में नाचने वाली घोडी विशालकाय हनुमान, नन्दी पर सवार भोले बाबा, राम लक्ष्मण की झांकी आकर्षण का केन्द्र बनी रही शोभायात्रा में काफी संख्या में नगर के धर्मप्रेमी और मंदिर कमेटी से जुड़े लोग मौजूद रहे - सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी सत्येन्द्र कुमार राय पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे!

## कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई-आठ साल के बच्चे समेत चार लोगों की मौत - दो घायल

**सुनील कुमार सैनी /युरेशिया**



छुटमलपुर। कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव माहेश्वरी से शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे लोगों से भरी कार अनियंत्रित होकर कलसिया फ्तेहपुर मार्ग पर गांव मांडुवाला के पास सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से टकरा गई- हादसे में कार सवार आठ साल के बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए सूचना के बाद मोके पर पहुंचे थाना फ्तेहपुर पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

## चतुर्दशी पर्व पर सिद्धपीठ शाकंभरी देवी मंदिर में उमडा श्रद्धा का सैलाब

### श्रद्धालुओं ने मेले का भी जमकर उठाया लुत्फ, विशाल भंडारों का भी किया आयोजन

**भवानी सैनी/ युरेशिया**



बेहट (सहारनपुर) चौत्र मास के अंतिम मुख्य पर्व चतुर्दशी पर सिद्धपीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर पर भक्तों की सैलाब उमड़ पड़ा। तपती धूप के बीच घंटों लाइनों में लगकर श्रद्धालुओं ने मां शाकुंभरी देवी के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया। माता के भक्तों द्वारा लगाए गए जयकारो से पूरे दिन शिवालिक घाटी गुंजायमान रही। मन्दिर परिक्षेत्र में भक्तों द्वारा विशाल भंडारों का भी आयोजन किया गया।

सोमवार को चतुर्दशी पर्व के मौके पर शिवालिक पहाड़ियों के बीच स्थित सिद्ध पीठ श्री शाकंभरी देवी मंदिर श्रद्धा से सराबोर रहा। हजारों भक्तों ने तपती धूप के बीच घंटों लाइनों में लगकर मां शाकंभरी के दर्शन किए और प्रसाद चढ़ा कर मनोकामनाएं मांगी। लाइनों में लगे श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए मां भगवती के जयकारों से समूचा माहौल भक्तिमय बना रहा। कुछ श्रद्धालु तो लेट लेट कर माता के दरबार पहुंच रहे हैं जिन्हें देखकर हर कोई कह रहा है कि वास्तव में भक्ति में शक्ति होती है। मंदिर व्यवस्थापक राणा आतुल्य प्रताप सिंह द्वारा श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सीसी टीवी, पेयजल, निशुल्क चिकित्सा शिविर, शौचालय बेरी केटिंग,आदि सभी व्यवस्थाएं मजबूत रूप से की गई है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए मेला परिक्षेत्र में पुलिस बल भी मुस्तैद नजर आया। श्रद्धालुओं ने मेले का भी जमकर लुत्फ उठाया और मेले में लगी दुकानों से जमकर खरीदारी की। भक्तों द्वारा इस अवसर पर विशाल भंडारों का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रसाद ग्रहण कर श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ उठाया।

## दिल्ली यमुनोत्री हाइवे पर हुई दो बाइको की भिडंत, एक युवक की मौत

### हादसे की खबर से मृतक के परिवार मे मचा कोहराम

**भवानी सैनी/ युरेशिया**




बेहट (सहारनपुर) दिल्ली यमुनोत्री हाइवे पर बेहट कोतवाली क्षेत्र के गांव ताजपुरा के पास दो बाइकों के आमने-सामने से भिड़ंत हो गई जिसमें बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई ।सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और परिजनों को हादसा की सूचना दी। सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। सोमवार को बाइक पर सवार होकर सहारनपुर की ओर से अपने गांव मिर्जापुर वापस लौट रहे मिर्जापुर निवासी डॉ अब्दुल्लाह मलिक की सामने से तेज गति से आ रही बाइक से जोरदार भिडंत हो गई। दोनों बाइको मे आमने सामने की हुई जोरदार टक्कर लगने से डॉ अब्दुल्लाह मलिक पुत्र हाफिज महफूज 23 वर्ष की मौत हो गयी। जबकि दूसरा बाइक चालक घटना के बाद मौके पर ही फरार हो गया। हादसे की सूचना पर कोतवाली बेहट पुलिस भी मौके पर पहुंची और मार तक के परिजनों को सूचना दी। वहीं मृतक युवक की दर्दनाक मौत होने की खबर लगते ही परिवार सहित पुरे गांव कोहराम मचा गया है।

## थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास का 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

### कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस बरामद

**प्रदीप धीमान / युरेशिया**




सहारनपुर ।थाना सदर बाजार पर वादी ईश्वरपाल पुत्र मामराज निवासी ग्राम चांदनपुर पो0 नल्हेडा गुर्जर थाना रामपुर मनि0 द्वारा थाना सदर बाजार पर लिखित तहरीर दी कि नीशू शर्मा पुत्र प्रदीप शर्मा निवासी प्रकाश लोक कालोनी निकट लेबर कालोनी थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर 2. कर्ण पुत्र राकेश निवासी लक्कड माजरा सर्किट हाउस रोड, सहारनपुर व 02 अज्ञात लडकों द्वारा उसके पुत्र विपिन व उसके दोस्त अनुराग के साथ गाली-गलौच कर धमकी देकर एक लाख रूपये की रंगदारी मांगना, न देने पर अभि0 नीशू द्वारा विपिन को जान से मारने की नीयत से गोली मारकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर थाना सदर बाजार पर मु0अ0सं0 231/21 धारा 307/386/504/506/34 भादवि पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 विपिन ताड़ा सहारनपुर द्वारा घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु दिशा-निर्देश दिए गये। जिसके अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार संतोष कुमार त्यागी के द्वारा गठित पुलिस टीम द्वारा मुकदमे में नामित अभियुक्त नीशू पण्डित उर्फ निशान्त शर्मा पुत्र प्रदीप शर्मा नि0 प्रकाश विहार कालोनी गली न0 2 थाना कुतुबशेर को काशीराम बस स्टैण्ड से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से 01 तमन्चा 315 बोर व एक कारतूस जिन्दा 315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 शंशाक गिरी, है0का0 सचिन चौधरी, है0का0 राजकुमार शामिल रहे।

**दैनिक यूरेशिया टीम सहारनपुर मंडल**
**समाचार, सूचना, विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

मोनु कश्यप जिला प्रभारी
मो0- 8630402509
प्रदीप धीमान मण्डल प्रभारी
मो0- 9997171951
अरविंद चौहान गंगोह प्रभारी
मो0- 9759693305
मणिकांत वत्स स0पुर
मो0- 9759178755
मोनीन नागल प्रभारी
मो0- 9639221277
अश्वनी धीमान नानौता प्रभारी
मो0- 9720509609
नाथीराम सहल चिलकाना प्रभारी
मो0- 6397074075
भवानी सिंह सैनी तहसील बेहट प्रभारी
मो0- 8077518294
विकास शर्मा तहसील नकुड़ प्रभारी
मो0- 6396576517
शक्ति चौधरी सरसावा प्रभारी
मो0- 9719777268
मनोज कंबोज बिहारीगढ़ प्रभारी
मो0- 9675196324
सुनील कुमार सैनी छुटमलपुर प्रभारी
मो0- 9758712680

## एक नजर..

## घर में घुसकर आभूषण व नगदी समेत चार लाख की चोरी

युरेशिया संवाददाता



(अंबेडकर नगर) छत के रास्ते घर में घुसे चोरों ने आभूषण व नगदी समेत करीब चार लाख का माल पार कर दिया। घर के अंदर रखा सूट केस टूटा व सामान बाहर बिखरा पड़ा मिला। इससे पुलिस के रात्रि गस्त पर सवालिया निशान लग गया है। शिकायत पर पुलिस मौका मुआयना कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

सम्मनपुर थाना क्षेत्र के मजीसा के मजरे हिलालपुर में ओंकार तिवारी के यहां रविवार को रामनगर लखनडीह से बारात आई थी। रात में लड़की की शादी संपन्न होने के बाद सभी लोग सोने चले गए। इसी बीच किसी समय चोर टेंट हाउस के दो पाइप के सहारे छत पर चढ़ गए और घर के अंदर उतर कर पूरा घर खंगाल दिया। वैवाहिक कार्यक्रम में देर रात तक जागने के चलते लोग गहरी नींद सो रहे थे। किसी को भनक तक नहीं लगी। घर में रखा सूटकेस घर के बाहर पशुसाला के पास पड़ा मिला। उसके अंदर रखे कपड़े आदि सामान बिखरे पड़े थे।

परिवार वालों ने बताया कि चोर एक बैग में रखा दुल्हन के आभूषण व नगदी समेत करीब चार लाख का सामान अपने साथ उठा ले गए। घर वालों को चोरी की जानकारी सुबह हुई। घटना के बाद परिवार सदमे में है। क्षेत्र में आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। पुलिस के सुस्त एवं टरकाऊ कार्यशैली से चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है पुलिस एक मामले का खुलासा नहीं कर पाती कि चोर दूसरी घटना को अंजाम दे दे रहे हैं। पुलिस चोरी जैसे मामले में मुकदमा दर्ज करना भी मुनासिब नहीं समझती। यदि किसी तरह किसी मामले में मुकदमा दर्ज भी कर लिया तो साल- साल भर मामले का खुलासा नहीं हो पाता। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि चोरी के खुलासे के लिए टीमें लगी है। जांच पड़ताल की जा रही है।

## वाहन न उपलब्ध कराने पर दर्ज होगा एफआईआर



युरेशिया संवाददाता

अंबेडकरनगर ।जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा आज निर्वाचन कार्यालय परिसर व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्वाचन कार्य हेतु वाहनों को अधिग्रहण करने के लिए सभी कार्यवाही पूरी कर ली जाए और सभी वाहन स्वामियों को वाहन अधिग्रहण संबंधित पत्र तामीला करा दिया जाए, यदि किसी वाहन स्वामी द्वारा दिए गए समय के अंतर्गत वाहन उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो उसके खिलाफनियमानुसार एफ्आईआर दर्ज कराया जाए। इसके अतिरिक्त वहां उपस्थित अधिकारियों से वाहन अधिग्रहण के संबंध में जानकारी ली गई। संबंधित अधिकारियों द्वारा अब तक की तैयारियो के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। किसी भी प्रकार की लापरवाही करने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिससे लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जनपद अंबेडकर नगर में 25 मई को मतदान निष्पक्षध् पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान मौके पर उप जिलाधिकारी सदर पवन कुमार जायसवाल, क्षेत्राधिकारी अकबरपुर तथा संबंधित विभाग के अधिकारीध्कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथों का निरीक्षण कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी दीपक मीणा के कुशल निर्देशन में लगातार कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ग्राम पंचायत खिर्वा जलालपुर, चौ0 बशीर खां इंटर कालेज हर्रा, सर्वहितकारी कन्या इंटर कालेज करनावल में बनाये गये बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, बीएलओ, बूथकर्मी व अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पृथ्वी दिवस का उत्सव

युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक धमाकेदार उत्सव का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण दिन पर, विद्यार्थियों ने पृथ्वी की सुरक्षा और संरक्षण की महत्वता पर जागरूकता बढ़ाई। कक्षा नौ की छात्रा तिथि शर्मा ने एक उत्कृष्ट भाषण दिया, जिसमें उन्होंने पृथ्वी की महत्ता और इसके संरक्षण के लिए हमारी जिम्मेदारी को बताया। प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने भी विद्यार्थियों को पृथ्वी दिवस की महत्ता को समझाने के लिए संबोधित किया। वे इस मौके पर बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की अद्भुतता को समझाने के लिए एक उत्तम विषय प्रस्तुत किया।चेयरमैन सुशील कुमार शर्मा और डायरेक्टर राजेश कुमार शर्मा ने सभी बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। यह उत्सव विद्यालय के पर्यावरण जागरूकता को बढ़ाने और समुदाय के सदस्यों को पृथ्वी के संरक्षण में योगदान करने के लिए एक अच्छा मंच साबित हुआ। इस अद्भुत प्रयास के लिए स्कूल प्रशासन और छात्रों को हार्दिक बधाई।

# डीएवी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल में स्थापना दिवस का हुआ आयोजन

युरेशिया संवाददाता




मेरठ। डी ए वी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल, शास्त्री नगर, मेरठ के प्रांगण में स्कूल के स्थापना दिवस की 38वीं वर्षगांठ का आयोजन अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए किया गया। कक्षा 4 ,5 के विद्यार्थियों ने महर्षि दयानंद एवं उनके अनुयायियों की झलक दिखाते हुए एक लघु नाटिका प्रस्तुत की। जिसमें उन्होंने यह संदेश दिया कि भारत को जगतगुरु बनाना है। नन्हें बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई नाटिका ने सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। डीएवी की क्षेत्रीय अधिकारी डॉ अल्पना शर्मा ने स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर संदेश देते हुए कहा कि डीएवी का उद्देश्य बच्चों के लिए सर्वांगीण विकास की रूपरेखा तैयार कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। हम महर्षि दयानंद के विचारों को बच्चों के अंदर निरूपित करना चाहते हैं, जिससे कि वे शिक्षा के साथ-साथ अपने चारित्रिक एवं नैतिक मूल्यों का विकास कर सकें और दुनिया में भारत को जगतगुरु बनाने के लिए आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम को आगे बढ़द्यते हुए शिक्षकों ने श्ओमश् का महत्व बताया। छात्रों ने भजन प्रस्तुत किए, जिनमें चौतन्यपांडे ,यश, अर्जुन ,जानवी ने गीत गाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अपर्णा जैन ने सभी विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि हमारा विद्यालय बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद ,टेक्नोलॉजी एवं नैतिक मूल्यों की भी प्रेरणा देता है।

# आईआईएमटी विश्वविद्यालय के शिक्षकों-विद्यार्थियों ने ली पृथ्वी संरक्षा की शपथ

### बेसिक साइंस विभाग में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। आईआईएमटी विश्वविध्यालय के बेसिक साइंस विभाग में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पृथ्वी की संरक्षा और पर्यावरण के महत्व पर विचार व्यक्त किए गये। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी योजनाओं को प्रस्तुत करते हुए प्लास्टिक उन्मूलन की शपथ ली। विभाग के अधिष्ठाता डॉ अतुल कुमार अग्रवाल ने कहा, हमारे पूर्वजों ने हमें धरोहर के रूप में दी है उस पृथ्वी का संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ी का भविष्य संरक्षित कर सकें। हिमांशी शर्मा, वंशिका गौतम एवं तनजीम खान ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की समन्वयन डॉ सुरभि आर्या, डॉ रेनू अग्रवाल तथा डॉ सरिता शर्मा रहीं। विभाग के अधिष्ठाता डॉ अतुल कुमार अग्रवाल, विभागाध्यक्ष विकास कुमार, डॉ बी के चौहान, डॉ रेणु अग्रवाल, डॉ भास्कर गर्ग, अश्विनी शर्मा, यतिन अधाना, डॉ सरिता शर्मा, डॉ रचना शर्मा, डॉ पूनम शर्मा डॉ. प्रीति मित्तल आदि उपस्थित रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा विक्टोरिया पार्क स्थित पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने वहां पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, सीडीओ नूपुर गोयल सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने की एआरओ व सैक्टर , जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत विकास भवन सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा एआरओ व सैक्टरध्जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियो को संवेदनशील क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाताओं से संवाद स्थापित करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने वेबकास्टिंग कैमरा ओरिऐन्टेशन, वीडियोग्राफी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समस्त सैक्टर मजिस्ट्रेट मतदाता पर्ची का वितरण शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने मतदान वाले दिन समस्त अधिकारियों को ससमय अपने गन्तव्य स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिये। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नारायणी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार, एआरओ, सैक्टरध्जोनल मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

# बटन को भैया संभाल कर दबाना , किसी के बहकावे मे ना आना-शाहिद रजा

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। स्वीप लोकगीत कार्यक्रम मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशानुसार शाहिद रजा श्रावस्ती कल्चरल पार्टी श्रावस्ती अपने कलाकारों द्वारा मेरठ के विभिन्न स्थानों पर लोकगीत के माध्यम से मतदान के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे है। सोमवार को उन्होंने जागृति विहार में सेक्टर न 6,8,3,2, एवं लक्ष्मी विहार, प्रीत विहार, आम्रपाली, सूरजकुड पार्क सहित विभिन्न स्थानों पर 26 अप्रैल को मतदान हेतु साथ मे लेके बहिन भैया, दादा दादी नानी नाना, ऊँगली मे स्याही लगवाना, बटन को भैया संभाल कर दबाना, किसी के बहकावे मे ना आना, सोने वालों को जगाना, 26 अप्रैल को जरूर जाना लोकगीत गाकर जनता को जागरूक किया।

# मंदबुद्धि युवक ने मंदिर का दानपात्र चोरी किया

### युवक के भाई ने दानपात्र की हजारो रूपये की नगदी थाने में सुपुर्द कर दी

युरेशिया संवाददाता



मीरापुर। थाना क्षेत्र के ग्राम भूम्मा निवासी एक मंदबुद्धि युवक ने किसी मंदिर का दानपात्र चोरी कर लिया तथा उसकी नगदी अपने घर ले आया। इसका पता जब परिजनो को चला तो उन्होने नगदी को मीरापुर थाने में लाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

मीरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम भूम्मा निवासी राम पुत्र किशन मंदबुद्धि युवक है। वह अपने घर से पांच दिनो से लापता था। वह सोमवार को 11 बजे अपने घर एक बेग लेकर पहुंचा तो परिजनो ने उससे बेग के बारे में पूछताछ की जिस कारण वह घबरा गया और बेग फैंक कर अपने घर से भाग गया। परिजनो ने जब बेग खोल कर देखा तो उसमें से हजारो रूपये की नगदी दिखाई दी।

तब उसका भाई उस बेग को लेकर थाना मीरापुर जा पहुंचा और बेग को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बेग से 11 हजार रूपये के नोट व लगभग दो हजार रूपये की खरीज बरामद हुई। इंस्पेक्टर दिनेश चन्द्र ने बताया कि भूम्मा निवासी युवक रूपये व खरीज से भरा बेग थाने लेकर आया था जिसे गिनवाकर सुपुर्दगी में ले लिया गया है यदि कोई व्यक्ति रूपये पर दावा करता है तो जांच कर सुपुर्द कर दिया जायेगा।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस का आयोजन



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। 22 अप्रैल को पूरा विश्व श्पृथ्वी दिवसश् के रूप में मना रहा हैद्य डी ए वी सैंटनरी पब्लिक स्कूल, शास्त्री नगर के प्रांगण में भी श्पृथ्वी दिवसश् का आयोजन पूरे उल्लास के साथ किया गया। बच्चों ने पृथ्वी को बचाने के लिए अनेक प्रकार से अपने विचार प्रस्तुत किए। कक्षा चार व पांच के विद्यार्थियों ने अनेक पौधे लगाकर पृथ्वी को बचाने का संकल्प लिया और इसी श्रृंखला में पृथ्वी के महत्व को बताते हुए हेयर बैंड तथा फ्लैश कार्ड आदि बनाकर अपने भाव संप्रेषित किए। छात्रा आन्या ने पृथ्वी का रूप धारण कर अपनी प्रसन्नता प्रकट करते हुए नृत्य की प्रस्तुति की। डॉ अल्पना शर्मा (क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी स्कूल यू पी, जोन ए) ने पृथ्वी दिवस के महत्व को बताते हुए बच्चों को शपथ दिलाई कि हम सब भी पृथ्वी को हरा भरा रखेंगे तथा प्रदूषण मुक्त कर देंगेद्य डीएवी की प्रधानाचार्या श्रीमती अपर्णा जैन ने भी पौधारोपण कर बच्चों द्वारा पृथ्वी दिवस पर किए गए आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि पृथ्वी है तो जीवन है इसकी रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है।

## छात्रों को प्रदान की जायेगी छात्रावास की सुविधा

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। प्रभारी अधीक्षक उच्च शिक्षा में अध्ययनरत् दृष्टिबाधित छात्रों हेतु छात्रावास, घाट रोड, मेरठ समरजीत सिंह ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0 प्र0 लखनऊ द्वारा उच्च शिक्षा में अध्ययनरत् दृष्टिबाधितध् अस्थिबाधित/श्रवणबाधित छात्रों हेतु मेरठ में छात्रावास उपलब्ध कराने की सुविधा दी जा रही है। जो दृष्टिबाधितध् अस्थिबाधितध्श्रवणबाधित छात्र मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, व्यवसायिक या प्राविधिक शिक्षा वाले कालेजों में नियमित रूप से स्नातकध्स्नाकोतर चिकित्सा इंजीनियरिंग आदि में अध्ययनरत् होंगे, उन्हीं दृष्टिबाधितध् अस्थिबाधितध्श्रवणबाधित छात्रों को छात्रावास में रहने के लिए सुविधा प्रदान की जायेगी।

उन्होंने बताया कि जिन दृष्टिबाधितध्अस्थिबाधितध्श्रवणबाधित छात्रों का प्रवेश शिक्षण संस्थाओं में हो चुका है। ऐसे दृष्टिबाधितध्अस्थिबाधितध्श्रवणबाधित छात्र अपना पंजीकरण उच्च शिक्षा में अध्ययनरत् दृष्टिबाधित छात्रों हेतु छात्रावास, घाट रोड, (दिल्ली रूड़की बाईपास मार्ग) निकट पंचवटी इंजीनियरिंग कालेज, मेरठ में करा सकते है। प्रवेश शुल्क एस0सी0/एस0टी0 हेतु रू0 200/- एवं सामान्य श्रेणी हेतु रू0 300/- देय होगा तथा कॉसन मनी रू0 200ध- कमरे का किराया रू0 50/- विद्युत व्यय रू0 50/- देय होगा। विद्यार्थियों को छात्रावास में प्रवेश दिये जाने की कार्यवाही शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार की जायेगी। अन्य अतिरिक्त जानकारी समरजीत सिंह (अधीक्षक) से मो0नं0 9236010828 पर सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।मो0नं0 9236010828 पर सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

### बीएलओ कल शाम तक शत-प्रतिशत करें वोटर गाइड/वोटर पर्ची का वितरण, अन्यथा होगी निलम्बन की कार्यवाही-जिला निर्वाचन अधिकारी

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद में वोटर गाइड व वोटर पर्ची वितरण का कार्य किया जा रहा है। सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी दीपक मीणा ने समस्त बीएलओ को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कल शाम तक शत-प्रतिशत वोटर गाइड व वोटर पर्ची का वितरण सुनिश्चित करें। जिस बीएलओ द्वारा वोटर पर्ची वितरण कार्य कल शाम तक पूर्ण नहीं किया गया तो निर्वाचन कार्य में लापरवाही मानते हुए उसके विरूद्ध निलम्बन की कार्यवाही की जायेगी।

### 24 व 25 अप्रैल को विद्यालयों में शिक्षण कार्य रहेगा स्थगित-जिला विद्यालय निरीक्षक

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु विद्यालयों में पुलिस/ फोर्स के ठहरने, विद्यालयों में मतदान केन्द्र बनाये जाने तथा विद्यालयों के वाहन लोकसभा सामान्य निर्वाचन में अधिग्रहण किये जाने के फ्लस्वरूप छात्रध्छात्राओं की सुरक्षा एवं उनके आवागमन में आने वाली असुविधा को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 24 व 25 अप्रैल 2024 को विद्यालयों में शिक्षण कार्य स्थगित रहेगा।

### रालोद पार्टी के नेताओं ने एनडीए गठबंधन प्रत्याशी का किया जोरदार स्वागत, चुनावी चर्चा पर हुई बैठक

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की तारीख नजदीक है और उसी को देखते हुए मेरठ की हलचलें तेज हो गई है मेरठ में सभी पार्टी अपने प्रत्याशियों को जीतने के लिए अपनी ताकत झोंक रहे हैं। ऐसे ही एनडीए गठबंधन प्रत्याशी को जीतने के लिए रालोद नेताओं ने भी अपनी ताकत झोंक दी है। रालोद पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नेता प्रतीक जैन ने अजंता पेट्रोल पंप पर एनडीए प्रत्याशी अरुण गोविल का स्वागत किया। और उसके बाद रालोद नेता व भाजपा नेताओं ने चुनावी चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान रालोद पार्टी के जिला अध्यक्ष मतलूब गौड़,प्रतीक जैन राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, मुकेश जैन, सुनील रोहटा, नईम सागर जिला महानगर अध्यक्ष, व भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी नेतागण , विधायकगण और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रेमिका व प्रेमी वैवाहिक बंधन में बंधे

मीरापुर। कस्बा निवासी एक युवती का कस्बा निवासी ही एक युवक से काफी दिनो से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमप्रसंग के चलते ही युवक युवती का काफी समय से योन शोषण कर रहा था।

कस्बा निवासी एक युवती का प्रेम प्रसंग कस्बे के ही एक युवक से काफी समय से चल रहा था। प्रेम प्रसंग के चलते युवक ने युवती का कई बार योन शोषण किया। युवक युवती को विवाह करने का काद्धत्ती समय से झांसा दे रहा था। कुछ दिन पूर्व युवक का रिश्ता कहीं पर हा गया जब उसकी प्रेमिका को यह जानकारी मिली तो उसने सारा मामला अपने परिजनो को बताया। परिजनो ने उस युवक के विरूद्ध थाना मीरापुर में योन शोषण की तहरीर दे दी। परिजनो की तहरीर पर पुलिस ने उस युवक को हिरासत में ले लिया। युवक युवती के परिजनो ने आपस में दोनो की शादी करने का फेसला कर लिया है। इंस्पेक्टर दिनेश चन्द्र ने बताया कि देर रात दोनो पक्षो का फैसला हो गया तथा सोमवार को दोनो पक्षो की सहमती से युवक व युवती का हिन्दू रिति रिवाज से विवाह सम्पन्न हो गया।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक विकास दीप त्यागी ने युरेशिया प्रिन्टिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से छपवाकर 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः संजय त्यागी मो0 : 9412835535, 9410231400 फोनः 01214324497 Email- editorureshiya@gmail.com (किसी भी विवाद के लिए मेरठ न्यायालय मान्य)